


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 12 अगस्त 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 197 | मूल्य - 5 रुपये






## सर्पदंश से तीन आदिवासी लड़कियों की मौत के बाद

# मुख्यमंत्री फडणवीस ने संबंधित विद्यालय का लाइसेंस रद्द करने का दिया आदेश

### आदिवासी विकास मंत्री अशोक उईके ने पूर्व सांसद कोवासे पर उठाए सवाल..

मुंबई, (भाषा)।

*महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गढ़चिरौली जिले में आदिवासी बच्चों से संबद्ध एक सरकारी सहायता प्राप्त आवासीय विद्यालय (आश्रमशाला) में सांप काटने से तीन लड़कियों की मौत हो जाने के बाद मंगलवार को इस स्कूल का लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द करने का आदेश दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रविवार मध्यरात्रि की इस घटना के बाद सरकार ने*

राज्य में आदिवासी बच्चों से जुड़े 500 आवासीय विद्यालयों (आश्रमशालाओं) का तीसरी पार्टी से 'ऑडिट' कराने का निर्णय लिया है। आदिवासी विकास मंत्री अशोक उइके ने यहां मंत्रिमंडल की बैठक में इस घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। फडणवीस ने निर्देश दिया कि आश्रम स्कूल का लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाए और जिस अधिकारी ने हाल में स्कूल का निरीक्षण किया था एवं कमियों के बावजूद अनुकूल रिपोर्ट सौंपी थी, उसे निलंबित कर दिया जाए।

### घटना की रात 50 लड़कियां सो रही थी आश्रम शाला में नीचे..

उइके ने सवाल उठाया कि कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद मारोतराव कोवासे जैसा व्यक्ति आश्रम स्कूल को इस तरह कैसे चला सकता है कि लड़कियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आश्रम स्कूल में न तो शिक्षक हैं और न ही वार्डन (छात्रावास प्रभारी) और सरकारी अनुदान मिलने के बावजूद वहां बुनियादी सुविधाओं की भी कमी है।

फडणवीस ने मुख्य सचिव से एक बैठक आहूत करने और आश्रमशालाओं के लिए एक व्यापक निरीक्षण तंत्र स्थापित करने को भी कहा। सूत्रों के अनुसार, मंत्रियों ने बच्चों की मौत पर शोक प्रकट किया तथा इन सहायता-प्राप्त आश्रम विद्यालयों की खराब स्थिति पर चर्चा की एवं इस बात पर भी विचार-विमर्श किया कि स्थिति कैसी सुधारी जा सकती है। उइके ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि रविवार रात छात्रावास में 50 लड़कियां नीचे सो रही थीं, उसी दौरान एक सांप ने उनमें से छह को डस लिया। उन्होंने कहा कि उस वक्त वार्डन नहीं था। उन्होंने कहा कि इस घटना की सघन जांच करायी जाएगी।

# म.प्र. पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया



रीवा (भाषा)।

*लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के रीवा संभाग के प्रभारी मुख्य अभियंता को कथित तौर पर 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।*

रीवा के लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा ने बताया कि आरोपी मुख्य अभियंता कैलाश कुमार लच्छे पीडब्ल्यूडी की निर्माण परियोजनाओं की गुणवत्ता जांच करने वाली एक कंपनी के प्रबंधक से काम दिलाने के एवज में कथित तौर पर हर महीने एक लाख रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। उन्होंने बताया कि कंपनी के प्रबंधक ने चार अगस्त को रीवा स्थित लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी।

अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मंगलवार को कार्रवाई की गई और लच्छे को उनके सरकारी आवास पर 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए कथित तौर पर पकड़ लिया गया। उनके सहयोगी धर्मवीर भारती को भी पकड़ा गया है। लच्छे का मूल पद रीवा जिले में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता का है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 संशोधन) की धारा सात के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।




# भारत में तेजी से बढ़ रहा ब्रेस्ट कैंसर, समय पर पहचान ही सबसे बड़ा उपचार - डॉ. विकास जैन

● हजारो महिलाओ को ब्रेस्ट कैंसर से निजात दिला चुके है डॉ. विकास जैन.. ● ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता दिवस पर विशेष..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*सांसारिक जीवन में हर महिला अपने परिवार की धुरी होती है। यदि वह स्वस्थ है तो पूरा परिवार स्वस्थ रहता है। लेकिन आज ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं के स्वास्थ्य के सामने एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसरों में ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर है। पहले यह बीमारी केवल बड़े शहरों तक सीमित मानी जाती थी, लेकिन अब छोटे शहरों*

और ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसके मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अधिकांश महिलाएँ संकोच, डर या जानकारी के अभाव में डॉक्टर के पास देर से पहुँचती हैं, जिससे इलाज कठिन हो जाता है, जबकि यदि इसकी पहचान समय पर हो जाए तो अधिकांश मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकती हैं। निरंतर बढ़ता ब्रेस्ट कैंसर जानलेवा भी है, लेकिन सावधानी से इस कैंसर को बड़ी आसानी से मात दी जा सकती है।

18 अगस्त को विश्व ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता दिवस के अवसर पर जगप्रेरणा ने गोंदिया के बी.जे. हॉस्पिटल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. विकास जैन से ब्रेस्ट कैंसर रोग के बढ़ने के कारण, इसकी पहचान, सावधानीयां, उपचार एवं ऑपरेशन की संभावनाओं आदि विषयों पर विस्तार से बात की, जिसमें डॉ. विकास जैन ने सभी जानकारियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया, तथा कहा कि निश्चित ही भारत में ब्रेस्ट कैंसर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन सबसे अच्छी बात है कि यदि इसकी पहचान समय पर हो जाए तो इससे बड़ी आसानी से निजात पाई जा सकती है। गौरतलब है कि गोंदिया के वरिष्ठ सर्जन डॉ. विकास जैन अनेक कठिन एवं चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड तथा लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अनेक रिकार्ड बना चुके हैं, तथा ना सिर्फ गोंदिया जिला अपितु मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छ.ग. के अनेक जिलों के लोग भी कठिन परिस्थितियों में डॉ. विकास जैन के पास उपचार के लिये पहुंचते हैं।

### ब्रेस्ट कैंसर के निदान की अनेक सुविधाएं उपलब्ध..

ब्रेस्ट कैंसर के उपचार के संदर्भ में डॉ. विकास जैन ने बताया कि आज आधुनिक चिकित्सा के चलते सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी जैसी प्रभावी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। हर मरीज का इलाज उसकी बीमारी की अवस्था के अनुसार तय किया जाता है। कई मामलों में ब्रेस्ट कन्जर्वेशन सर्जरी भी संभव होती है, वहीं कुछ मरीजों में एमआरएम की भी आवश्यकता होती है।

### डॉ. विकास जैन ने किये सफलतापूर्वक 990 ब्रेस्ट कैंसर ऑपरेशन

कैंसर जागरुरता पर जानकारी देने के साथ ही डॉ. विकास जैन ने बताया कि गोंदिया और आसपास के जिलों के मरीजों की सेवा करते हुए हमारे बी.जे. हॉस्पिटल, गोंदिया में अब तक स्तन कैंसर के 990 एमआरएम ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। डॉ. विकास जैन ने बताया कि यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि 990 परिवारों के विश्वास, साहस और समय पर उपचार का प्रतीक है। हमारा प्रयास केवल ऑपरेशन करना नहीं, बल्कि प्रत्येक मरीज को सही समय पर सही सलाह, वैज्ञानिक उपचार और मानसिक संबल प्रदान करना है।

### ब्रेस्ट कैंसर से बचाव के उपाय..

डॉ. विकास जैन ने बताया कि महीने में एक बार स्वयं ब्रेस्ट परीक्षण किया जाना चाहिये। 40 वर्ष के बाद नियमित मैमोग्राफी होनी चाहिये। किसी भी गाँठ को नज़रअंदाज़ नहीं किया जाना चाहिये। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम लाभदायक है। समय पर डॉक्टर से परामर्श लें और जल्दी पहचान ही जीवन बचाती है।

### ब्रेस्ट कैंसर के कारण..

डॉ. विकास जैन ने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावनाएं वहां अधिक होती है, जहां महिला की आयु 40 वर्ष से अधिक हो रही हो। परिवार में स्तन या ओवरी के कैंसर का इतिहास रहा हो। मोटापा एवं शारीरिक गतिविधि की कमी हो। देर से विवाह या पहली संतान का देर से होना भी एक कारण बनता है। धूम्रपान एवं अत्यधिक शराब का सेवन तथा हार्मोनल दवाओं का लंबे समय तक उपयोग करने के कारण ब्रेस्ट कैंसर की संभावनाएं जन्म लेती है। हालाँकि, इन जोखिमों के बिना भी किसी महिला को स्तन कैंसर हो सकता है। इसलिए हर महिला को सतर्क रहना चाहिए।

### ब्रेस्ट कैंसर को ऐसे पहचानें..

डॉ. विकास जैन ने बताया कि कुछ लक्षण हैं जिन्हें नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिये। यदि स्तन में बिना दर्द की कोई गाँठ हो, ब्रेस्ट के आकार या आकृत में बदलाव हो, निप्पल का अंदर की ओर धँस जाना, निप्पल से खून या अन्य असामान्य स्त्राव आना, ब्रेस्ट की त्वचा पर गड्ढे पड़ना या संतरे के छिलके जैसी त्वचा होना, बगल में गाँठ महसूस होना आदि कारण दिखाई देने पर तुरंत ही सर्जन या कैंसर विशेषज्ञ से सलाह लेना चाहिये।

### बेस्ट कैंसर संबंधित जगप्रेरणा के सवाल, डॉ. विकास जैन ने दिये जवाब..



**डॉ. विकास जैन ने बताया ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित विषयों पर सवालों के जवाब भी दिये।**

**1. सवाल - स्तन में हर गाँठ कैंसर होती है।**

जवाब - अधिकांश गाँठें कैंसर नहीं होतीं, लेकिन हर गाँठ की डॉक्टर से जाँच आवश्यक है।

**2. सवाल - स्तन कैंसर केवल बुजुर्ग महिलाओं को होता है।**

जवाब - यह किसी भी उम्र की महिला को हो सकता है, हालांकि 40 वर्ष के बाद जोखिम अधिक बढ़ जाता है। **3. सवाल - यदि परिवार में किसी को स्तन कैंसर कभी नहीं हुआ, तो इसकी संभावना।** जवाब - लगभग 70-80 प्रतिशत मरीजों में परिवार का कोई इतिहास नहीं होता।

**4. सवाल ' स्तन में दर्द नहीं है, इसलिए कैंसर नहीं हो सकता।**

जबवा - शुरुआती स्तन कैंसर अक्सर बिना दर्द की गाँठ के रूप में होता है।

**5. सवाल - ऑपरेशन कराने से कैंसर पूरे शरीर में फैल जाता है।**

जवाब - यह पूरी तरह गलत धारणा है। समय पर किया गया ऑपरेशन कैंसर के इलाज का सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावी हिस्सा है।

**6 सवाल - बेस्ट (स्तन) निकालने के बाद सामान्य जीवन संभव नहीं है।**

जवाब - सही इलाज और पुनर्वास के बाद अधिकांश महिलाएँ सामान्य और सक्रिय जीवन जीती हैं।

**7. सवाल - स्तन कैंसर छूने या साथ रहने से फैलता है।**

जवाब - नहीं। स्तन कैंसर संक्रामक बीमारी नहीं है। मरीज को परिवार के प्रेम, सहयोग और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है।

**8. सवाल - मैमोग्राफी कराने से कैंसर फैल जाता है।**

जवाब - बिल्कुल नहीं। मैमोग्राफी स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान का सुरक्षित और प्रभावी तरीका है।

**9. सवाल - केवल महिलाओं को ही स्तन कैंसर होता है।**

जवाब - पुरुषों में भी स्तन कैंसर हो सकता है, हालांकि यह बहुत कम मामलों में देखा जाता है।

**10. सवाल - स्तन कैंसर का मतलब जीवन समाप्त हो गया।**

जवाब - बिल्कुल नहीं। यदि समय पर पहचान और उचित उपचार हो जाए तो अधिकांश मरीज लंबे समय तक स्वस्थ और सामान्य जीवन जी सकती हैं।

### बोले डॉ. विकास जैन..

**डॉ. विकास जैन ने बताया कि कैंसर से नहीं, देरी से डरना चाहिये। यदि स्तन में कोई भी असामान्यता महसूस हो तो शर्म या डर के कारण समय न गँवाएँ। जितनी जल्दी जाँच होगी, इलाज उतना ही सरल और सफल होगा। जन-जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। डॉ. विकास जैन ने यह भी कहा कि आइए संकल्प लें—हर महिला जागरूक बने, नियमित जाँच कराए और स्तन कैंसर के विरुद्ध जागरूक समाज का निर्माण करें। समय पर जाँच, सही उपचार और सकारात्मक सोच—यही जीवन बचाने की सबसे बड़ी कुंजी है।**









जग प्रेरणा live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई




कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स, ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


### 3 महीने हो गए स्वागत सत्कार लेकर बालाघाट से गए

# प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर नहीं कर पाए भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति..

## बालाघाट भाजपा युवा मोर्चा में नियुक्ति का बेसब्री से इंतजार..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***भाजपा नेता अटल आडवानी के दौर में जो भारतीय जनता पार्टी का संगठन था, अब भाजपा का वह संगठन भी कांग्रेस की तरह सत्तारोग से ग्रसित हो चुका है, जहां हर फैसले में गुटबाजी और समर्थकों को स्थान देने की जद्दोजहद दिखाई देती है। यही कारण है कि जिन पदों पर दावेदारों की भीड़ हो, वहां पर फैसला भी नेताओं की पसंद***

के अनुरुप करने का सिलसिला सा निर्मित हो चला है, तथा इसी का परिणाम कि अब भारतीय जनता पार्टी में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जैसे पद पर भी नियुक्ति के लिये भारी खींचतान के चलते दावेदारों को महीनों इंतजार करना पड़ रहा है। जी हां, मध्यप्रदेश भाजपा में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर श्याम टेलर की नियुक्ति नवंबर 2025 में की गई। श्याम टेलर को बालाघाट आने में छह माह लग गए, जबकि उसके पहले घृणित आरोप के चलते भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के पद की गरिमा भंग होने के चलते जिले में संगठन नदारद दिखाई देने लगा थ, तथा अब श्याम टेलर प्रदेश अध्यक्ष बने, तो उन्हें बालाघाट जिले में नियुक्ति कर देनी थी, लेकिन श्याम टेलर ने बालाघाट का दौरा किया। 16 मई को बालाघाट दौरे पर पहुंचने के बाद अब तीन माह पूर्ण होने को आ गए, लेकिन तीन महीनों में बालाघाट भाजपा युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष किसे बनाना है, इसका फैसला श्याम टेलर नहीं ले पाए। गौरतलब है कि श्याम टेलर छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट आदि सभी जिलों के दौर पर पहुंचे थे, तो युवाओं ने बड़े शक्तिप्रदर्शन के साथ युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैनर लगाए, होर्डिंग लगाए, युवाओं की और समर्थकों की फौज जमा की, स्वागत में पटाखे फोड़े। अब इसके बाद उम्मीद थी कि जल्द ही अब श्याम टेलर बालाघाट भाजपा युवामोर्चा जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति कर देंगे, लेकिन श्याम टेलर को बालाघाट से गए तीन महीने बीत गए, लेकिन महाशय अब तक युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं कर पाए। तीन महीने में नियुक्ति नहीं होने के कारण भाजपा युवा मोर्चा के दावेदारों



में अब इस बात को लेकर आशंका दिखाई दे रही है, कि भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पद के लिये श्याम टेलर स्वविवेक से नहीं बल्कि किसी सिफारिश पर ही नियुक्ति करेंगे, क्योंकि यदि उन्हें स्वविवेक से संगठन अध्यक्ष की नियुक्ति करनी होती तो इतना समय नहीं लगता, यह बात भी युवा मोर्चा नेताओं में चर्चा का विषय है।

हांलांकि बालाघाट में भाजपा जिलाध्यक्ष के रुप में रामकिशोर कावरे ने जो कमान संभाल रखी है, उसके कारण भाजपा युवा मोर्चा संगठन नियुक्ति के अभाव में भी एक दमदार स्थिति में अवश्य दिखाई देता है, लेकिन फिर भी युवा मोर्चा के दावेदारों की अपेक्षाएं निराशा में बदल रही है, जबकि यदि भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पद पर और अन्य पदों पर सांगठनिक रुपरेखा तय हो जाती, तो युवा मोर्चा संगठन में युवाओं की और फौज को बढ़ाने का मार्ग भी प्रशस्त हो सकता था, लेकिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्याम टेलर की लापरवाही एवं सुस्ती का परिणाम है कि बालाघाट भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पद पर अब तक नियुक्ति नहीं हो पाई है, तथा अब श्याम टेलर और कितने महीने लेते हैं भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पद की नियुक्ति करने में? देखने वाली बात होगी।

## 15 अगस्त को पुलिस ग्राउंड में होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

जगप्रेरणा बालाघाट।

15 अगस्त को बालाघाट जिले में स्वतंत्रता दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जायेगा। मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड मे प्रातः 09 बजे से आयोजित किया जायेगा, जिसमें मुख्य मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा और परेड की सलामी ली जायेगी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का सीधा प्रसारण स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में प्रातः 07 से 08 बजे तक ध्वजारोहण किया जायेगा तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया जायेगा। बालाघाट, वारासिवनी, बैहर, लांजी, कटंगी, परसवाड़ा एवं किरनापुर एसडीएम एवं सभी तहसीलदारों को इस संबंध में निर्देश दिये जा चुके है। शासन द्वारा प्लास्टिक के झंडों के निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अतः जिले में कोई भी व्यक्ति प्लास्टिक के झंडों का विक्रय या निर्माण करते पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। राष्ट्रीय ध्वज केवल कपड़ें का ही और लंबाई व चौड़ाई के उचित अनुपात का ही उपयोग किया जा सकता है।

## जनसुनवाई के आवेदनों के निराकरण में अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर कुमार सत्यम

### जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज होगी कार्रवाई, हर सोमवार टीएल बैठक में होगी समीक्षा..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित***

किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य करना होगा। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों



को जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज कराया जा रहा है। अधिकारियों को इस पोर्टल पर ही जनसुनवाई के आवेदनों पर की गई कार्रवाई तथा उनके निराकरण की जानकारी दर्ज करनी होगी। इससे आवेदनों के निराकरण की स्थिति की ऑनलाइन निगरानी और समीक्षा की जा सकेगी। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने कहा कि प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली समय-सीमा (टीएल) बैठक में जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज एवं निराकृत आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा निर्धारित समय-सीमा में उसका निराकरण किया जाए। जनसुनवाई के आवेदनों के समय पर निराकरण में लापरवाही बरतने अथवा उन्हें अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## गलत उपचार से मरीज की मौत का मामला, गुदमा के झोलाछाप डाक्टरों पर एफआईआर कराने के निर्देश..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बिरसा के खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है कि बिना योग्यता के एवं मरीज का गलत उपचार करने के मामले में गुदमा के झोलाछाप डाक्टर डॉ. सुमन बिसेन एवं डॉ. चन्द्रपाल कलिहारे के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज करायें जिले के बिरसा विकासखंड के ग्राम सहेगांव की सविता मरावी द्वारा शिकायत की गई थी कि झोलाछाप डॉ. चन्द्रपाल कलिहारे एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुदमा में पदस्थ नर्स के गलत उपचार के कारण उसके पति लोकेश मरावी की 05 दिसंबर 2025 को मृत्यु हो गई है। कलेक्टर द्वारा इसकी जांच कर दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। इस प्रकरण की खंड चिकित्सा अधिकारी बिरसा द्वारा की गई जांच में पाया गया कि ग्राम गुदमा की डॉ सुमन बिसेन एवं डॉ चन्द्रपाल कलिहारे द्वारा अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय किया जा रहा है। इस पर इन दोनों चिकित्सकों के विरूद्ध मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम, 1987 की धारा 13 का उल्लंघन करने एवं नियम विरुद्ध चिकित्सा व्यवसाय किए जाने के कारण, उनके विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।

## दिल्ली में आयोजित भारतीय व्यापारी महोत्सव में शामिल होंगे बालाघाट के CAIT व्यापारी..

### CAIT जिला अध्यक्ष भवानी टेकड़ीवाल ने दी जानकारी

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) एवं इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (ITPO) के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 15 अगस्त 2026 तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारतीय व्यापारी महोत्सव-2026 में कैट मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र जैन एवं संयुक्त अध्यक्ष गोविंद दास असाटी के प्रतिनिधित्व में***

बालाघाट से 10 सदस्यीय व्यापारी प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा, जिसमें CAIT बालाघाट जिला अध्यक्ष भवानी शंकर टेकड़ीवाल के साथ बालाघाट प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल, जिला अध्यक्ष भवानी शंकर टेकड़ीवाल, जिला सचिव गणेश अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री दिलीप कारड़ा, जिला प्रचार सचिव मनोज क्षीरसागर, जिला सहसचिव कपिल जैन, संतोष आहुजा सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी बंधु शामिल होंगे। इस बात की जानकारी देते हुए भवानी टेकड़ीवाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस महोत्सव को देश के व्यापार, उद्योग, एमएसएमई, स्टार्टअप और स्वदेशी उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय व्यापारी महोत्सव को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामना संदेश प्राप्त हुए हैं। भारतीय व्यापारी महोत्सव-2026 का उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य प्रमुख हस्तियां मौजूद रहेंगी। महोत्सव का नेतृत्व एवं संचालन कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल करेंगे। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कैट राष्ट्रीय महिला विंग की मुख्य संरक्षक स्मृति ईरानी भी आयोजन में शामिल होकर महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करेंगी। भवानी टेकडीवाल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल महोत्सव के दौरान आधुनिक व्यापार प्रणाली, डिजिटल तकनीक, नेटवर्किंग, नए व्यावसायिक अवसरों और व्यापार विस्तार की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त करेगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से अंतरित की उज्वला, लाड़ली बहना एवं समग्र पेंशन योजना की राशि

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 11 अगस्त को मंत्रालय, भोपाल से प्रधानमंत्री उज्वला योजना एवं लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं के खातों में अप्रैल एवं मई 2026 की अनुदान राशि तथा समग्र पेंशन योजना के हितग्राहियों को पेंशन राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। इस कार्यक्रम में बालाघाट कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ जिला आपूर्ति अधिकारी श्री संत कुमार भलावी, सामाजिक न्याय विभाग की समन्वयक सुश्री नुपुर झा सहित लाभान्वित होने वाली हितग्राही महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के तहत प्रदेश की 22 लाख बहनों के खातों में दो माह की 99 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान राशि अंतरित की गई। वहीं समग्र पेंशन योजना के अंतर्गत प्रदेश के 35 लाख हितग्राहियों को 211 करोड़ 53 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक से प्रदान की गई। बालाघाट जिले में प्रधानमंत्री उज्वला योजना एवं लाड़ली बहना योजना की 37 हजार 779 हितग्राही महिलाओं को अप्रैल 2026 की 89 लाख 54 हजार 656 रुपये तथा 48 हजार 341 हितग्राही महिलाओं को मई 2026 की 1 करोड़ 13 लाख 34 हजार 301 रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई। इसी प्रकार समग्र पेंशन योजना के जिले के 60 हजार 641 हितग्राहियों के खातों में 3 करोड़ 63 लाख 83 हजार 600 रुपये की पेंशन राशि अंतरित की गई। इस प्रकार जिले में इन योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को कुल 5 करोड़ 66 लाख 72 हजार 557 रुपये की राशि प्राप्त हुई। कार्यक्रम का आयोजन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया गया। सिंगल क्लिक से राशि अंतरण से जिले के हजारों हितग्राहियों को सीधे उनके बैंक खातों में आर्थिक सहायता उपलब्ध हुई।

## झगड़े के बाद पत्नी गई मायके तो पति ने लगा ली फांसी, प्रेम विवाह के बाजवूद दुखद अंत, जांच में जुटी पुलिस..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***वैवाहिक रिश्तों में चाहे लव मैरिज हो या फिर अरेंज मैरिज, पति पत्नी को एक दुसरे के साथ रिश्तों को निभाने के लिये विशेष प्रयास करने ही पड़ते हैं, अन्यथा प्रेम विवाह के बावजूद भी परिणाम दुखद हो सकते हैं। ऐसा ही बालाघाट के वार्ड 32 में घटित हुआ,***



जहां 36 वर्षीय आकाश पिता सुनील त्रिवेदी ने पत्नी से विवाद के बाद पत्नी के मायके चले जाने के बाद अपने घर पर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, आकाश ने प्रेम विवाह किया था। बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों से आकाश और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद के बाद पत्नी घर छोड़कर अपने रिश्तेदार के यहां चली गई थी। इसी दौरान आकाश घर पर अकेला था। बताया गया कि करीब दो दिन बाद जब पत्नी वापस घर पहुंची तो मकान का दरवाजा अंदर से बंद मिला। उसने आवाज लगाकर दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद संदेह होने पर दरवाजा खोला गया तो अंदर आकाश का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### जांच में जुटी पुलिस..

पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह जांच का विषय है। प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस द्वारा घटनास्थल से संबंधित साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।


SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time /Full Time
AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology /Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
•BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111


### भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के नेतृत्व में

# लगातार पांचवे वर्ष विशाल मंगलानी मित्र मंडल द्वारा लहराया वैनगंगा पुल पर तिरंगा..

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा लेकर पहुंचे वैनगंगा नदी पुल.. राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश..





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत बालाघाट में लगातार पांचवें वर्ष भी भव्य देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के नेतृत्व में भाजपा यूवा नेता विशाल मंगलानी के संयोजन में विशाल मित्र***

मंडल द्वारा आयोजित किया गया। युवाओं द्वारा वैनगंगा नदी के बड़े पुल पर दोनों ओर तिरंगा लहराकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया।

गौरतलब है कि युवाओं द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ तिरंगे यात्रा निकाली गई।

शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए यह रैली वैनगंगा पुल पर पहुंची, जहां पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं देश के प्रति अपने समर्पण का संदेश देते हुए तिरंगा लहराया गया।

तिरंगा यात्रा के दौरान प्रमुख रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, निशांत बिसेन, अजय मिश्रा, भाजपा यूवा नेता विशाल मंगलानी, राकेश सेवइवार, रमाकांत ढाहके, गजेंद्र भारद्वाज, प्रसन्न कांकरिया, श्रीकांत गोदे, प्रीतेश चौरडिया, गौरव सिंगी, नितेश पिंटू जैन, आकाश ठाकुर, विकास सचदेव, सुयश गुप्ता, विक्की जीवानी, सागर मंगलानी, कमलेश कुकरेजा, आशीष मंगलानी, जैनेंद्र कटरे, प्रज्ज्वल चौरसिया, संतोष सिंगारे, विक्की बिसेन, ऋषभ भाटिया, जय गोस्वामी, गणेश अग्रवाल, ढिल्लन तारन, दीपक जैन मामा, सिद्धार्थ बाजपेई, लतेश गौतम, नितिन कुकरेजा, राज बैस, केतन मते एवं अनेक यूवा सदस्य उपस्थित थे।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# लगातार बारिश से बढ़ा जलस्तर, भीमगढ़ बांध के खोले गये दो गेट

### 10 हजार क्यूसेक पानी की निकासी, वैनगंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते नदी-नालों और जलाशयों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। लगातार बारिश के कारण संजय सरोवर जलाशय (भीमगढ़ बांध) के जल संग्रहण क्षेत्र में भी पानी की आवक बनी हुई है। बांध में निर्धारित जलस्तर बनाए रखने और जल प्रबंधन के दृष्टिगत मंगलवार 11 अगस्त 2026 को सुबह 9:30 बजे बांध के दो जल द्वार खोल दिए गए। गेट खोले जाने के बाद बांध से करीब 10 हजार घनफीट प्रति सेकंड (283 क्यूमेक्स) की दर से पानी वैनगंगा नदी में छोड़ा जा रहा है।

जल निकासी शुरू होने के साथ ही वैनगंगा नदी और उससे जुड़े जल प्रवाह क्षेत्रों में जलस्तर बढ़ने की संभावना जताई गई है। ऐसे में नदी के निचले क्षेत्रों, नदी तटों तथा जल प्रवाह वाले स्थानों पर रहने वाले लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। प्रशासन और जल संसाधन विभाग द्वारा स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। लोगों को नदी, नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों के समीप जाने से बचने तथा अचानक जलस्तर बढ़ने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है।

### बालाघाट और महाराष्ट्र तक पड़ता है असर..

भीमगढ़ बांध से पानी छोड़े जाने का असर केवल सिवनी जिले तक सीमित नहीं रहता। वैनगंगा नदी के प्रवाह के कारण बालाघाट जिले के नदी किनारे वाले क्षेत्रों के साथ महाराष्ट्र के गोंदिया और भंडारा जिलों में भी जलस्तर प्रभावित हो सकता है। पूर्व में भी बांध के गेट खोले जाने पर इन जिलों को सतर्क किया जाता रहा है।

### एशिया के बड़े मिट्टी के बांधों में शामिल है भीमगढ़..

संजय सरोवर यानी भीमगढ़ बांध वैनगंगा नदी पर निर्मित है और इसे एशिया के सबसे बड़े मिट्टी के बांधों में गिना जाता है। बांध की कुल लंबाई करीब 3.87 किलोमीटर है। इसका निर्माण वर्ष 1972 में शुरू हुआ था और 1987-88 में पूरा हुआ। बांध की मिट्टी से बनी मुख्य संरचना करीब 42 मीटर ऊंची है तथा जल निकासी के लिए कुल 10 गेट बनाए गए हैं।

### नदी किनारे जाने से बचें..

बारिश और बांध से पानी छोड़े जाने के कारण वैनगंगा सहित स्थानीय नदी-नालों में जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों से अपील की गई है कि वे नदी में न उतरें, पुल-पुलियाओं या तेज बहाव वाले रास्तों को पार करने का प्रयास न करें और बच्चों को भी नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रखें। किसानों और नदी किनारे रहने वाले ग्रामीणों को विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जाँच मे जुटि पुलिस



**जगप्रेरणा सिवनी।**

सिवनी में मंगलवार सुबह एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सुबह करीब 10:30 बजे सामने आई। मामला घंसौर थाना क्षेत्र के ग्राम डोला स्थित माध्यमिक शाला का है। मृतका की पहचान मधु यादव (22) पिता सोहन यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह माध्यमिक शाला डोला में शिक्षक और बच्चे स्कूल पहुंचे। स्कूल के शिक्षक अशोक कुमार यादव ने बताया कि जब उन्होंने स्कूल का दरवाजा खोला, तो बच्चों की नजर युवती पर पड़ी। बच्चों ने चिल्लाकर बताया कि युवती ने फांसी लगा ली है। बाकी टीचर दूसरे कक्षा में चले गए थे।

### स्कूल पहुंचे तो घटना का पता चला

घटना की सूचना मिलते ही घंसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस की ओर से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### मां बोली-सुबह घर से निकली थी मधु..

मृतका की मां राजकुमारी यादव इसी स्कूल में रसोइया का काम करती हैं। उन्होंने बताया कि युवक सुबह करीब 9:30 बजे घर से निकली थी। स्कूल आने पर उन्हें बेटी के फांसी लगाए जाने की जानकारी मिली। युवती मां के साथ रोजाना स्कूल जाती थी। बच्चों को डांस और गाने भी सिखाती थी। बच्चे उसे मधु बुआ बुलाते थे।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार..

पुलिस परिजनों और स्कूल से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है। युवती के स्कूल परिसर में पहुंचने और वहां आत्महत्या करने की परिस्थितियों को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना से पहले युवती की किसी से बातचीत या कोई विवाद हुआ था या नहीं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही मौत की परिस्थितियों के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले में मर्ग कायम कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल पाएगा।

# हरियाली तीज पर कलचुरी कलार महिला मंडल का भव्य आयोजन..

### सजाया भारतीय संस्कृति और सौंदर्य का रंग, पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***कलचुरी कलार महिला मंडल, जिला सिवनी द्वारा रविवार 9 अगस्त 2026 को आशीर्वाद रेस्टोरेंट में हरियाली तीज का भव्य एवं सांस्कृतिक आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।***

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान सहस्त्रबाहु के पूजन, सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती दमयंती राय एवं अन्य सम्माननीय अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। हरियाली तीज के अवसर पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी महिलाएं सोलह श्रृंगार से सुसज्जित होकर बंगाली, मराठी, गुजराती, मद्रासी, मलयाली सहित विभिन्न प्रांतों की पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचीं। विविध वेशभूषाओं ने कार्यक्रम में संस्कृति के रंग भर दिए।

इस दौरान महिलाओं एवं बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य, गीत, भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, गेम्स एवं गिलास गेम सहित विभिन्न मनोरंजक खेल भी आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं और बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आराधना सूर्यवंशी एवं संरक्षक श्रीमती ऊषा चौधरी ने कहा कि हरियाली तीज भारतीय संस्कृति, परंपरा, सौंदर्य, प्रेम और आपसी सौहार्द का पर्व है।

ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ-साथ समाज में आपसी स्नेह और एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का समापन आभार व्यक्त करते हुए किया गया। उपस्थितजनों ने कलचुरी कलार महिला मंडल की इस पहल की सराहना की।

# शालेय संभागीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सिवनी का वर्चस्व



**जगप्रेरणा बरघाट।**

नरसिंहपुर में शालेय संभागीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 8 से 9 अगस्त को आयोजित की गई थी,जिसमें सिवनी जिले के खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया, बालिका 19 वर्ष में टीम के कोच आशीष दीक्षित के मार्गदर्शन में टीम विजेता बनने में सफल रही फाइनल में सिवनी की ओर से खेलते हुए स्नेहा, पलक एवं वीना ने बालाघाट को सीधे 3-0 से परास्त किया, वहीं बालक वर्ग में मिनी वर्ग के मुकाबले में सिवनी और बालाघाट के मध्य सेमीफाइनल में आर्यन, देवांश एवं लक्ष्य ने शानदार प्रदर्शन किया, पर वह फाइनल तक नहीं पहुंच सके, ज्ञात हो गया तीनों खिलाड़ी पहली बार प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे थे, वहीं 17 वर्ष बालक में सिवनी और जबलपुर के फाइनल मुकाबले में एक तरफा प्रदर्शन करते हुए वैभव श्रीवास ,आदर्श सूर्यवंशी व सक्षम अवधिया ने 3-0 से जबलपुर को मात दी ,वही बालक 19 वर्ष में पुनः जबलपुर के साथ फाइनल हुआ जहां काफी संघर्ष के उपरांत समर्थ अवधिया के अपराजेय प्रदर्शन के चलते सिवनी जबलपुर पर 3- 1 से विजयश्री हासिल करने में सफल रही, इस सफलता में देवेश बट्टी एवं यशराज सूर्यवंशी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही ,साथ ही वरिष्ठ खिलाड़ी सोमिल मिश्रा और आदित्य शर्मा का भी इस विजय में मार्गदर्शक के तौर पर शानदार साथ मिला, ज्ञात हो कि यह सभी खिलाड़ी बरघाट में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी संदीप मिश्रा से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं व पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर पर जिले के नाम को रोशन कर चुके हैं, इस टीम के स्नेहा भद्रवंशी ,पलक हुमनेकर , वीना मंडावी , समर्थ अवधिया, देवेश भट्टी, यशराज सूर्यवंशी, वैभव श्रीवास, आदर्श सूर्यवंशी, सक्षम अवधिया एवं देवांश गुप्ता का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता इंदौर के लिए किया गया है जिसमें अच्छे प्रदर्शन हेतु टेबल टेनिस संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश राय मुनमुन, जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दिक्षित, सहायक संचालक एस एस कुमरे, जिला क्रीड़ा अधिकारी जस्सी थॉमस, राजेंद्र सिंह ठाकुर, अनिल पाठक, गोलू मालवीय, मनीष मिश्रा, देवेंद्र ठाकुर, प्रदीप वर्मा, भावना गायकवाड, नारायण बिसेन, प्रेम श्रीवास्तव, सुनील मर्सकोले, कैलाश साहू,सोहन सेन, अनुराग तिवारी, योगेश पाठक, निशाद खान शैलेंद्र साहू वह अन्य खेल प्रेमियों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

# ग्लोबल लॉ कॉलेज में हुआ हर घर तिरंगा कार्यक्रम






**जगप्रेरणा सिवनी।**

***आज 11 अगस्त 2026 दिन मंगलवार को मध्य प्रदेश सरकार के निर्देश अनुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन ग्लोबल लॉ कॉलेज में किया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में संचालक साकिब खान के***

मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं के लिए एक रंगोली प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 12:00 से किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी कला को व्यक्त किया रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के उपरांत छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली एवं चित्रकला को टीचर्स द्वारा चेक किया गया एवं छात्रों को विजेता के रूप में नामांकित किया गया प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों में प्रमुख रूप से प्रथम वर्ष के छात्र एवं द्वितीय तृतीय वर्ष के छात्रों ने भाग लिया प्रतियोगिता के पश्चात छात्रों की रंगोली एवं चित्रकला को सभी टीचर द्वारा सर सम्मति से विजेता के रूप में चयन किया गया जिन्हें 15 अगस्त के दिन प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर महाविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के विभाग प्रमुख सलीम सिद्दीकी, कविता बिजुरिया, नीति जैन, रानू बघेल, यशिका मैडम, मेहरीन मैडम, राहुल सर आदि उपस्थित थे हर घर तिरंगा कार्यक्रम की श्रृंखला में दिनांक 12 अगस्त को स्वतंत्रता से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में किया गया है।

इसके संबंध में छात्र छात्राओं में उत्साह देखा जा रहा है साथ ही महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी भी जोर-शोर से चालू है महाविद्यालय के संचालक एवं सभी टीचर स्टॉफ सदस्य द्वारा विजेता छात्रों को शुभकामनाएं दी गई और भविष्य में महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया।

# एसपीएल फुटबॉल के दूसरे दिन मैदान पर दिखा रोमांच

### आदेगाव, इलेवन स्टार और जयारत ने जीते मैच..





**जगप्रेरणा सिवनी।**

PEFI(फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया) सिवनी चैप्टर के तत्वावधान में आयोजित SPL चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन मिशन स्कूल मैदान पर फुटबॉल का रोमांच अपने चरम पर दिखाई दिया। दिनभर खेले गए मुकाबलों में टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मैदान पर खिलाड़ियों का जोश, जीत के लिए संघर्ष और हर गोल के लिए किया गया प्रयास दर्शकों को रोमांचित करता रहा। आज के पहले मैच में आदेगाव ने ब्रदर्स क्लब को 2-1 से पराजित किया।

आदेगाव की ओर से आकाश चन्द्रा,राज चन्द्रा ने एक एक तो ब्रदर्स की ओर से हमजान ने एक गोल किया।टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में जयारत एफसी ने महाकाल एच सी को पराजित किया। अनुशासन हीनता के कारण दोनों टीम के मोहसिन खान और तरूण को रेड कार्ड दिखाया गया। तीसरा मैच इलेवन स्टार ने रब्बानी क्लब को 3-1 से पराजित कर मुकाबला अपने नाम किया।

इन मैचो में निर्णायक की भूमिका में पवन नामदेव, मासूम खान एवं मुकेश नामदेव रहे। मैदान पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच गेंद पर कब्जे के लिए जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। डिफेंडरों ने शानदार बचाव किया तो गोलकीपरों ने कई महत्वपूर्ण शॉट रोककर अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# मकसूदा मिर्जा ने किया नौशीन ब साजदा का सम्मान..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***प्रतिभा कभी परिचय की मोहताज नहीं होती किसी बात को तेरी याद करते हुए नगर की हाकी खिलाड़ी नौशीन खान एवं साजदा खान,***

का सम्मान संभागीय हाकी संघ की पूर्व जॉइंट सेक्रेटरी श्रीमती मकसूदा मिर्जा, जिला खेल अधिकारी मनु धुर्वे, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष डी एल गौर, एस बी मिर्जा, श्रीमती संगीता, अब्दुल हक, फैजल खान, देवेन्द्र ठाकुर, संजय जैन की उपस्थिति में सम्मान किया गया ज्ञात होगी नौशीन खान ने जापान में 7 गोल मारकर जूनियर हॉकी टीम में प्रदेश एवं जिले का नाम रोशन किया था इसी तरह सजदा खान ने भी गोल्ड एवं कांस्य पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर श्री गौर ने बताया कि साजदा खान कान में बाल लग जाने के कारण परेशानी थी इस परेशानी को दूर करने के लिए शासन द्वारा राशि देने की घोषणा की गई है इसके लिए श्रीमती मिर्जा द्वारा प्रयास किया गया उम्मीद है साजदा को पुनः खेलने का मौका अवश्य मिलेगा इस अवसर पर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया गया तथा बैच एवं माला पहनकर स्वागत किया गया संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान सभी हॉकी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार मंहगाई पर नियंत्रण नहीं रख पा रही है : तिवारी

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार मंहगाई पर नियंत्रण नहीं रख पा रही है मूलभूत आवश्यकता की वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़ रहें, बसो का किराया बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़कर रख दिये, बसों के किराये में 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोत्री की गई है, जिससें रोजाना सफर करने वाले कर्मचारियों, छोटे व्यापारियों, श्रमिकों और छात्र-छात्राओं का परिवहन व्यय और अधिक बढ़ जायेगा, जिससे उनके दैनिक और मासिक बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। बसों के किराये का असर आवश्यक वस्तुओं की कीमतो पर भी पड़ेगा, सरकार ने किराया तो बढ़ा दिया लेकिन सुविधाओं के नाम पर वही स्थिति है जो पूर्व में थी, सिवनी जिले में पूर्व में भी विशेषकर इंदौर, भोपाल का किराया बहुत अधिक लिया जाता है इसके अलावा जबलपुर, नागपुर, छिन्दवाड़ा, बालाघाट का किराया भी सरकार दर और बस संचालको की दर से मेल नही खाता अनेक बार किराये को लेकर यात्री और कंडेक्टरों में विवाद की स्थिति बन जाती है।

परिवहन विभाग बसों में किराया सूची क्यो अनिवार्य नही करता, ऍथनाल मिलाकर पेट्रोल बेचने वाली भाजपा सरकार लगातार डीजल-पेट्रोल के दामों में वृद्धि कर रही जिसके कारण यात्री बस का किराया हो या माल परिवाहन के किराये में बढ़ोत्री हो रही है कुल मिलाकर जेब आम जनता की ही कटना है।

# राजवीर ने जीते चार गोल्ड



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***कुंवर राजवीर सिंह चौहान ने इंदौर में आयोजित द्वितीय रायफल शूटिंग चैम्पियनशिप की अलग अलग कैटेगरी में 4 गोल्ड 3 सिल्वर और 1 ब्रांज मेडल जीतकर सिवनी का नाम रोशन किया है।***

**सनद रहे कि शूटर राजवीर शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई अखिलेश चौहान के पुत्र हैं। जो इसके पहले भी कोई टूर्नामेंट में मेडल जीत चुके हैं।**

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# भाजपा नेता रामेश्वर कटरे ने की विधायक मधु भगत से वन क्षेत्र से सटे इलाकों में फैंसिंग करवाने की अपील..

### तीर कमान वाला बयान वापस लेने की भी कि मांग..




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में दो घटनाएं घटित हुई जिसमें वन्य प्राणी बाघ के हमले से एक बुजुर्ग महिला की मृत्यु हो गई, वहीं खेत में कार्य कर रहे एक अन्य किसान पर बाघ द्वारा हमला कर देने से किसान घायल हो गया।***

लगातार एक सप्ताह में जहां दो बार वन्य प्राणीयों से हमले की घटना पर विधायक मधु भगत ने वन विभाग की गैर जिम्मेदार कार्यप्रणाली पर आक्रोश जताया, और इस विषय को विधानसभा में उठाकर क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा पर सरकार से उचित उपाय करने पर जोर दिया, वहीं वन्य क्षेत्रों से जंगली जानवरों के रिहायशी इलाकों में लगातार आने की घटना के लिये विधायक मधु भगत ने वन विभाग के दोषों पर भी प्रहार किया, तथा इसी के साथ विधायक मधु भगत ने आदिवासीयों के प्राणों की रक्षा के लिये आदिवासीयों से तीर कमान उठाकर अपनी रक्षा के लिये सचेत रहने की बात कही।

विधायक मधु भगत के बयान के उपरांत अब भाजपा नेता रामेश्वर कटरे ने विधायक मधु भगत के बयान पर आपत्ति दर्ज की है, तथा कहा कि विधायक मधु भगत को अपना बयान वापस लेना चाहिये, क्योंकि यदि आदिवासी भाईयों में किसी ने विधायक मधु भगत की बात को मानकर तीर कमान उठा लिया, और फिर किसी आदिवासी पर देश के संविधान के मुताबिक कोई कानुनी कार्रवाई हुई तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? रामेश्वर कटरे ने बयान जारी कर कहा कि देश संविधान से चलता है, और देश के प्रत्येक नागरिक को कानुन व्यवस्था और संविधान के अनुरुप कार्य करना चाहिये। रामेश्वर कटरे ने आगे कहा कि हमारी मांग है कि विधायक मधु भगत क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा के लिये अपनी विधायक निधि से फैंसिंग के लिये राशि प्रदान करे, ताकि आवश्यक स्थानों पर फैंसिंग करके वन्यप्राणियों को खेतों और घरों तक आने से रोका जा सके।

गौरतलब है कि विधायक मधु भगत के बयान पर भाजपा नेता रामेश्वर कटरे द्वारा आपत्ती दर्ज करने के साथ ही आम नागरिकों की सुरक्षा की प्राथमिकता पर भी श्री कटरे ने जोर दिया है, और विधायक मधु भगत से दरबूसिंह उईके की तरह ही फैसिंग के लिये विधायक निधि से उपाय करने की मांग की है।

इस स्थिति में अब देखना होगा कि जहां विधायक मधु भगत ने ग्रामीणों पर हमले पर वन विभाग को आड़े हाथ लेते हुए आदिवासीयों के प्राणों की रक्षा को प्राथमिकता देने की बात पुरी ताकत से कही, वहीं इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता कि सघन वन क्षेत्रों एवं वन्य प्राणियों के विचरण क्षेत्र से युक्त परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में वन्य प्राणियों से नागरिकों की रक्षा के ठोस उपायों की आवश्यकता भी है, जिस पर पूर्व से ही अब तक विभन्न पूर्ववर्ती किसी भी सरकार द्वारा कोई स्थाई प्रबंध नहीं किये जा सके हैं, तथा इस स्थिति में अब विधायक मधु भगत क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा के लिये सरकार के माध्यम से या विधायक निधि के माध्यम से क्या और कितना ठोस उपाय कर पाते हैं, देखने वाली बात होगी।

# जनता दरबार मे आज भी दिखा भीडनूमा माहौल, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे ने समाधान की पहल कर जनता का विश्वास किया हासिल..

### गंगोत्री कालोनी के जोडापीपल हनुमान मंदिर सहित पुरे परिसर से पानी निकासी के लिये बडी नाली निर्माण की मांग आयी सामने..






**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***नगर पालिका परिषद मे आयोजित जनता दरबार जनमानस की कसौटी पर खरा उतरता प्रतित हो रहा है। आज भी अधिक संख्या मे समुहो मे आकर जनता ने अपनी परेशानी से अवगत कराया। जिस पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल,***

नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे के साथ पार्षदगणो व अधिकारीयो की टीम ने समाधान करने की पहल की। साथ ही सरकारी योजनाओ का सीधा लाभ प्राप्त करने के लिये एक प्रभावी और पारदर्शी मंच भी प्रदान किया।

आज जनता दरबार मे गंगोत्री कालोनी स्थित जोडापीपल हनुमान मंदिर के भक्तो मे विवेक जुझार, जवाहर पटले, रितेश पटले,विक्रम बिसेन,धर्मेन्द्र तिवारी आदि भक्तो ने आकर शिकायत दर्ज करायी। जिसमे मंदिर से पानी की निकासी की समस्या को विस्तार से सामने रखा। साथ ही इसी परिसर मे एसबीआई बैंक, दो बडे कांपलेक्स, रेस्टारेंट आदि का हवाला देकर एक बडी नाली के निर्माण की मांग रखी। जिस पर तत्काल प्रदीप जायसवाल व श्रीमती सरिता दांदरे ने उपयंत्री अंशिका चैहान को स्थल निरिक्षण, नाली लंबाई की सीमा और प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश प्रदान किये। इसी तरह संत शिरोमणी सर्वदासिया समाज ने नगर के एफसीआई के पीछे के स्थल मे संत शिरोमणी रविदास जी की मूर्ति स्थापना व सभामंच की मांग सामने रखी। सर्वश्री प्रवीण खरोले, पी के मालाघाटे, कैलाश जगने, कैलाश भोंडेकर, मुकेश मोहले, नंदकिशोर मोहबे, दिलीप भोंडेकर आदि ने कहा की जंयति एवं पूजन कार्यक्रम के लिये मूर्ति स्थापना बेहद जरूरी है। नपा परिषद ने इस विषय को भी गंभीरता से लेकर अपने कदम समाधान के विषय मे आगे बडा दिये।

इसी तरह परमात्मा एक आजीविका स्व सहायता समुह ने वार्ड 8 के तालाब को 10 वर्षो तक पटटे मे देने की मांग रखी। दूसरी ओर मछली पालन के लिये जय बजरंग मछुआ सहकारी समिति वारासिवनी ने भी 10 वर्षो के लिये शंकर तालाब, आम तालाब, बोडी वार्ड 9 व चंदौरी तालाब को पटटे मे देने की मांग की। जिस पर नपा परिषद ने श्री विजय मेश्राम सहायक मत्स्य अधिकारी को बुलाकर नये नियमो की जानकारी लेकर टीम भावना से कार्य किया।

जनता दरबार मे आज नगर के प्रदर्शनी बाजार के विषय को भी गंभीरता से लिया गया। अधिकारीयो से प्रदर्शनी मे मनमानी अतिक्रमण को हटाने के विषय मे जवाब तलब किया गया। जिसमे जानकारी सामने आयी की अतिक्रमणकारीयो को पहले ही सात दिवस की समय सीमा का नोटिस प्रदान कर दिया गया। ज्ञात हो की उक्त प्रदर्शनी मे सफाई कार्य शुरू करवाकर फिलहाल सब्जी बाजार के बढते स्वरूप को वहां स्थापित करने की सोच नपा परिषद ने सामने रखी है। आज दरबार मे नाली सफाई, सडक निर्माण, घर के सामने विधूत विभाग के लगने वाले पोल जैसी दर्जनो समस्या का जंहा समाधान किया गया। वहीं पूर्व के जनता दरबार मे दर्ज हुयी शिकायतो की भी समीक्षा की गयी। जिसमे कुछ समस्याओ के समाधान के लिये अधिकारीयो की टीम को दुबारा निर्देश प्रदान कर हरहाल मे जनता की संतूष्टि को प्राथमिकत दी गयी। जनता दरबार के बाद पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने नपा परिषद की टीम के साथ हर घर तिरंगा अभियान को बढावा भी दिया। यह संस्क्रति मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक राष्ट्रीय जन उत्सव है। इसका उद्देश्य नागरिको के मन मे देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय तिरंगे के प्रति सम्मान को एक औपचारिक प्रतिक से बदलकर व्यक्तिगत व सामूहिक जुडाव का अहसास कराना है।

# विधिक साक्षरता शिविरः न्यायाधीश नयन जैन ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के गुरुमंत्र; पोक्सो एक्ट की जानकारी व सोशल मीडिया के खतरों पर किया जागरूक..

### उपशीर्षकः एसएसपी कॉलेज वारासिवनी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न, दीप प्रज्वलन और भव्य स्वागत..





**कैलाश कसार, जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***स्थानीय एसएसपी कॉलेज, वारासिवनी में तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे 'वृहत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मुख्य आतिथ्य द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खंड/न्यायिक मजिस्ट्रेट) श्री नयन जैन ने किया।

### बच्चों से सीधा संवाद, पूछे सवाल और शंकाओं का किया समाधान

कार्यक्रम के दौरान माहौल तब और जीवंत हो उठा जब न्यायाधीश श्री नयन जैन ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने बेहद सहज और आत्मीय वातावरण में बच्चों से बातचीत की और उनसे कई व्यवहारिक प्रश्न पूछे। वहीं, छात्र-छात्राओं ने भी कानूनी प्रक्रियाओं व अध्ययन से जुड़ी अपनी जिज्ञासाओं को लेकर न्यायाधीश महोदय के समक्ष सवाल रखे। न्यायाधीश श्री जैन ने सभी प्रश्नों के उत्तर अत्यंत सरल व व्यावहारिक ढंग से देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा शांत की और उनका उत्साहवर्धन किया।

### बोले न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री नयन जैन,

÷कानूनी जागरूकता ही एक सशक्त नागरिक का निर्माण करती है। युवा लॉ के क्षेत्र में बेहतर करियर बनाने के साथ-साथ न्यायिक प्रक्रिया से जुड़कर समाज व राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा कर सकते हैं।÷ विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश श्री नयन जैन ने पोक्सो एक्ट (क्कह्रस्ष्ट्र) और साइबर अपराधों के प्रति विस्तार से जागरूक किया। उन्होंने युवाओं को ताकीद करते हुए कहा कि इंस्टाग्राम रील्स और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग व भटकाव से दूर रहें तथा अपनी ऊर्जा पढ़ाई और करियर निर्माण पर केंद्रित करें। इसके साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को कानून, संविधान और दैनिक जीवन से जुड़े विधिक मामलों की बुनियादी जानकारी दी।संवैधानिक ढांचा और कानून की सर्वोच्चता

न्यायाधीश महोदय ने बताया कि हमारा संविधान विश्व का एक अनूठा और सर्वोच्च दस्तावेज है। वर्ष 1947 में आजादी के बाद गठित संविधान सभा द्वारा निर्मित यह दस्तावेज लोकतांत्रिक व्यवस्था की धुरी है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 13 का उल्लेख करते हुए बताया कि संसद द्वारा बनाया गया कोई भी नया या पुराना कानून संविधान के दायरे में ही होना चाहिए। यदि कोई कानून नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन करता है, तो उसे असंवैधानिक घोषित कर दिया जाता है।

### निःशुल्क विधिक सहायताः हर नागरिक का अधिकार

शिविर में जानकारी दी गई कि आर्थिक तंगी या अज्ञानता के कारण कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे, इसके लिए 'विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम' के तहत राष्ट्रीय से लेकर तहसील स्तर (ह्रस्न, स्न्रस्न, छ्रस्न व ञ्जस्ष्ट) तक त्रि-स्तरीय व्यवस्था लागू है। आपराधिक (दांडिक) मामलों में यदि किसी आरोपी के पास पैरवी के लिए वकील या पैसे नहीं हैं, तो पहली बार कोर्ट में पेशी के दौरान वह न्यायाधीश के समक्ष गुहार लगा सकता है। इसके बाद अदालत द्वारा उसे शासकीय खर्चे पर निःशुल्क वकील मुहैया कराया जाता है।

### विधि (Law) के क्षेत्र में स्वर्णिम करियर अवसर

युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश का भविष्य बच्चों में ही निहित है। जब युवा जागरूक होंगे, तभी समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। इस दौरान बीए, बीएससी, बीकॉम व बीबीए के छात्रों को लॉ फील्ड में करियर के विकल्प बताए गएः5-वर्षीय एकीकृत लॉ कोर्सः 12वीं के बाद सीधे क्क स्न्न या क्क स्न्न में दाखिला लेकर छात्र 1 से 2 साल का समय बचा सकते हैं। 3-वर्षीय एलएलबी कोर्सः किसी भी विषय में स्नातक के बाद 3 साल का एलएलबी कोर्स किया जा सकता है। करियर विकल्पः पढ़ाई पूरी करने के बाद एडवोकेट के रूप में प्रैक्टिस करने, न्यायिक सेवा परीक्षा **(Judicial Services)** उत्तीर्ण कर जज बनने, कॉर्पोरेट लीगल एडवाइजर एवं लीगल ऑफिसर बनने के बेहतर अवसर मौजूद हैं।

### मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन

कार्यक्रम में विधि विभाग से गोखले एवं प्रो. कृष्णा पराते , संतोष त्रिवेदी की उपस्थिति रही। मंच का सफल संचालन श्री नरेंद्र डोंगरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन करते हुए प्रोफेसर कृष्णा पराते ने महाविद्यालय परिवार की ओर से न्यायाधीश महोदय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी ऐसे सत्र आयोजित करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया..





**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

***गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन की पदाधिकारी सदस्यों कार्यकर्ताओं कोयतुर गोंडीयन जनों के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गढ़ी क्षेत्र के समस्त ग्रामों में 9 अगस्त 2026 अंतर्राष्ट्रीय देशज मूल निवासी दिवस के उपलक्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।***

इस मूलनिवासी महापर्व के उपलक्ष में गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने अनेक ग्रामों में जा जाकर कार्यक्रमों में शामिल हुए। तथा ग्राम पर समूह से सर्व समाज के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय मूल निवासी व देशज दिवस मनाना प्रारंभ किया गया। जिससे मुख्य रूप से गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के कार्यकर्ता शामिल हुए।

गांव गांव में पारंपरिक वेशभूषा रीति रिवाज के साथ सामूहिक रैली निकाली गई तथा विश्व मूल निवासी दिवस अमर रहे के नारे के साथ अंतरराष्ट्रीय मूलनिवासीय दिवस के अवसर में समस्त सगा समाज के कोयतुर के द्वारा पारिवारिक रीति रिवाज संस्कृति रूढ़ी प्रथा अनुसार नाच गाना किया गया। इस महापर्व के मुख्य रूप से रूडी प्रथा परंपरा संस्कृति मूलनिवासी लोगों की रीति रिवाज की पहचान को बचाने एवं जल जंगल जमीन को संरक्षित करने व अधिकार के प्रति जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है। इस अंतरराष्ट्रीय महापर्व को 9 अगस्त 1994 से विश्व भर में प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

### इन ग्रामों का भ्रमण किया गया

गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के पदाधिकारी के द्वारा सर्वप्रथम ग्राम परसामऊ, गोटूल एवं पेनठाना का भूमिपूजन किया गया ।तत्पश्चात ग्राम आमगहन में जाकर सभी युवा मोर्चा के पदाधिकारी रैली में शामिल हुए। उसके बाद ग्राम पौड़ी में कार्यक्रम में शामिल हुए। तत्पश्चात ग्राम कुगांव में कार्यक्रम में शामिल होकर ब्लॉक अध्यक्ष गणेश धुर्वे के द्वारा उद्बोधन दिया गया।जिसमें सभी ग्रामवासियों को विश्व देशज दिवस कोयतुर (विश्व आदिवासी दिवस) कि बधाई दी गई। और इस कार्यक्रम का समापन गढ़ी में किया गया।

### गोड़वाना समग्र विकास कांति आंदोलन के सदस्यों एवं पदाधिकारियों..

गोड़वाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के कार्यक्रम में शामिल सदस्य एवं पदाधिकारियों शंकर वल्के, (वरिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता)गणेश धुर्वे (युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष बैहर)इंदल सिंह धुर्वे(सदस्य)पवर सिंह धुर्वे, सुरेंद्र आर्मो,नरेंद्र आर्मो, जयमल पुसाम, रानू कुशरे ( युवा मोर्चा महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष) कीमत मेरावी ,चैंनसिंग मेरावी, गोपाल सिंह कुशरे,(जिला अध्यक्ष आखिल गोंडवाना महासभा बालाघाट), एफ एस। कमलेश (कंगाली) (सलाकार सदस्य कुटुम न्यायालय बैहर) भगत सिंह मेरावी( सरपंच भालापुरी), हेमराज पंद्रे,दिलीप तेकाम, छत्तर धुर्वे, राकेश मेरावी, सत्या वल्के (पूर्व जिला सदस्य) कुंवर धुर्वे, सुरेंद्र धुर्वे, और अन्य सभी मातृशक्ति एवं पित्र शक्ति शामिल हुए।

# कोसमी में धुमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



**जगप्रेरणा खमरिया/लालबर्रा।**

लालबर्रा जनपद पंचायत के अंतर्गत साले पाली ग्राम पंचायत रटेगांव के रगम फोसमी में सर्व आदिवासी समाज द्वारा भव्य रैली का आयोजन विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी संस्कृति परम्परा और सामाजिक एकता की अनूठी पहल देखने को मिली। अक्रिम की शुरुआत किस्सा मुंडा-प्रतिमा स्थाल से हुई। जहां से विशाल रैली निकाली गई।

ग्राम कोलमी सहित आसपास के रामों से बड़ी संख्या में समाज जन इसमें शामिल हुये 7 पारम्परिक वेशभुषा रंग जिरंगी पोशाक। आदिवासी वाद्य मंत्रों और ध्वजों के साथ निकली रैली ने पुरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया।

गौरतलब हो कि पल्येक वर्ष 1 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व आदिवासी दिवस दुनिया भर के आदि वासी समुदायों के अधिकारी संस्कृति भाषा प्ररम्परानो और प्रकृति संरक्षण में उनके योगदान को सम्मानित करने का महत्वपुर्ण अवसर है यह दिवस आदिवासी समाज के लिये फेवल एक उत्सव नही बल्कि अपनी अस्मिता पहचान गौरख और एकता को मजबूत करने कान्पतिक है। जब जंगल और जमीन की रक्षा के लिये पीढ़ियों से संघर्ष करने वाले आदिवासी समाज के वीर महापुरुषों के योगदान को याद करने और उनके आदर्श को आगे बढ़ाने का भी यह महत्व पुर्ण अवसर माना जाता है। क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम इसी गौरवशाली विरासत, संस्कृति और सामाजिक स्फजुटता की समर्पित रहेगा।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है ।
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# पेंगोंग झील पहुंचते ही थम गया सफर का रोमांच, लगा अब इससे खूबसूरत जगह शायद कोई नहीं..

## ऊंचे पर्वतों, गहरी खाइयों और कठिन रास्तों को पार कर सामने आया नीले पानी का अथाह संसार; थ्री इडियट्स के दृश्य आंखों के सामने ताजा हो उठे..





**हितेश अजीत, जगप्रेरणा बालाघाट।**

***लेह-लद्दाख की यात्रा के दौरान मन में लगातार एक उत्सुकता बनी हुई थीअब पेंगोंग झील आएगी... कैसी होगी वह जगह, जिसे अखबारों, टीवी चैनलों और फिल्मों में बार-बार देखा है ?***

जैसे-जैसे पेंगोंग की ओर बढ़ते गए, उत्सुकता के साथ रोमांच भी बढ़ता गया। लेह से पेंगोंग झील की ओर जाने वाला रास्ता अपने आप में किसी रोमांचक सफर से कम नहीं है। ऊंचे-ऊंचे पर्वत, गहरी खाइयां और उनके बीच से गुजरते कठिन पहाड़ी रास्ते कई बार धड़कनें तेज कर देते हैं। रास्ते की ऊंचाई और पहाड़ों का विशाल स्वरूप देखकर शरीर और दिमाग दोनों पर दबाव महसूस होता है।

इन्हीं रास्तों से गुजरते समय मन में 'थ्री इडियट्स' फिल्म के दृश्य बार-बार ताजा हो रहे थे। फिल्म में आमिर खान का किरदार, तीन दोस्तों का साथ, करीना कपूर की पीली गाड़ी और लद्दाख के पहाड़ों के बीच दिखाई देने वाला नीले पानी का संसार–मन में यही कौतूहल था कि वास्तविकता में वहां पहुंचकर कैसा लगेगा।

सामने आया नीले पानी का अथाह संसार और फिर वह पल आया, जब दूर से पेंगोंग झील का नीला पानी नजर आया। जैसे ही झील सामने आई, रास्ते की सारी थकान और तनाव मानो एक पल में खत्म हो गया। चारों ओर विशाल भूरे पहाड़, ऊपर नीला आसमान और सफेद बादलों के बीच दूर-दूर तक फैला नीला पानी। कुछ देर के लिए ऐसा लगा मानो अब घूमने के सफर में विराम लगा देना चाहिए, क्योंकि इससे ज्यादा सुंदर और रोमांचक जगह शायद कोई दूसरी नहीं होगी।

जिस रास्ते पर कुछ देर पहले बड़ी-बड़ी पहाड़ियों और गहरी खाइयों ने शरीर का सिस्टम हिला दिया था, उसी सफर की सारी परेशानी पेंगोंग झील के किनारे पहुंचते ही खत्म हो गई।

### आधा भारत घूमने के बाद लगा, अब जाकर सही मायनों में घूमा

इससे पहले देश के लगभग आधे हिस्से की यात्रा कर चुका हूं, लेकिन लेह-लद्दाख की सैर और खासकर पेंगोंग झील पहुंचने के बाद एक अलग ही एहसास हुआ। लगा कि अब जाकर सही मायनों में घूमना हुआ है।

एडवेंचर के शौकीनों के लिए पेंगोंग झील एक ऐसा पड़ाव है, जहां पहुंचने के बाद लगता है कि अब कुछ देर बस यहीं बैठा जाए और सामने फैली प्रकृति को महसूस किया जाए।

मन में इच्छा थी कि पेंगोंग झील के किनारे एक रात रुककर इस जगह को दिलभर महसूस किया जाए। दिन में नीले पानी की खूबसूरती अद्भुत है, वहीं रात में शांत वातावरण में झील और भी सुहानी हो जाती होगी। लेकिन समय की बाध्यता के कारण ज्यादा देर रुकना संभव नहीं हो सका।

मौका मिला तो पेंगोंग झील दोबारा जरूर जाऊंगा, इस बार जल्दबाजी में नहीं बल्कि रुककर इस खूबसूरत जगह को महसूस करने के लिए। ,,,रास्ते में याक, घोड़े और कल-कल करती नदियां पेंगोंग झील तक पहुंचने का अनुभव केवल झील तक सीमित नहीं रहा। लेह से पेंगोंग के रास्ते में प्रकृति लगातार अपना अलग रूप दिखाती रही। कहीं पहाड़ों की ढलानों पर याक झुंड में चरते नजर आए, तो कहीं घोड़े खुले पहाड़ी मैदानों में घूमते दिखाई दिए।

कहीं रास्ते के साथ नदी कल-कल करती हुई बहती रही। नदी के पानी को हाथ लगाकर देखा तो वह इतना ठंडा था कि मानो सीधे फ्रिज से निकला हो। ये छोटी-छोटी चीजें सफर को और खास बनाती रहीं। हालांकि रास्ते की विशाल पहाड़ियां, गहरी खाइयां और कठिन मार्ग के कारण हर दृश्य को पूरी तरह एन्जॉय कर पाना भी आसान नहीं था। कई बार शरीर और दिमाग दोनों थक जाते थे, लेकिन पेंगोंग झील के पास पहुंचते ही जैसे सारी थकान का जवाब प्रकृति ने अपनी खूबसूरती से दे दिया। पेंगोंग को सिर्फ देखा नहीं, महसूस किया जाता है।

पेंगोंग झील के किनारे खड़े होकर दूर तक नजर जाती है तो नीले पानी और विशाल पहाड़ों का अद्भुत संगम दिखाई देता है। वहां खड़े होकर एहसास होता है कि कुछ अनुभव ऐसे होते हैं जिन्हें शब्दों में पूरी तरह बयान नहीं किया जा सकता। उन्हें सिर्फ देखा और महसूस किया जा सकता है।

पेंगोंग झील की खूबसूरती, चारों ओर फैले पहाड़, खुला आसमान, ठंडी हवा और शांत वातावरण मिलकर ऐसा अनुभव देते हैं, जिसे कैमरे में कैद तो किया जा सकता है, लेकिन तस्वीरों के माध्यम से उसका पूरा एहसास नहीं कराया जा सकता।

पेंगोंग झील से लौटते समय में हितेश अजीत व मेरे साथी ओमप्रकाश मरठ़े डाक्टर देवलाल जामरे के मन में बस यही भाव था–सफर शायद खत्म हो गया, लेकिन इस जगह पर दोबारा लौटने की इच्छा जरूर पैदा हो गई है।

# साड़रा की श्वेता बिल्हारे का आई आई टी मंडी में चयन..

## चयन पर सकेत विद्यालय व परिवार में खुशी का माहौल..





**जगप्रेरणा लांजी।**

***साकेत पब्लिक स्कूल लांजी की मेधावी छात्रा कु. स्वेता बिल्हारे ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।***

ग्राम साडरा निवासी पद्माकर बिल्हारे एवं रेखा बिल्हारे की पुत्री स्वेता का चयन IIT मंडी, हिमाचल प्रदेश में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। स्वेता ने कक्षा 12वीं तक की शिक्षा साकेत पब्लिक स्कूल लांजी से पूरी की। विद्यालय में अध्ययन के दौरान वह एक मेधावी एवं अनुशासित छात्रा रही हैं। पढ़ाई के प्रति उनकी निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है कि उन्होंने देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान में प्रवेश हासिल किया। स्वेता की इस उपलब्धि से उनके माता-पिता, परिजन, शिक्षकगण और ग्राम साडरा सहित लांजी क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। स्वेता की सफलता ने विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

स्वेता के द्ढद्ब में चयन पर साकेत पब्लिक स्कूल के संचालक संतोष मोरघड़े, प्राचार्य महेन्द्र दुरूगकर, प्रधान पाठिका नेत्रेश्वरी, डॉ. किशोर सोनवाने सहित समस्त शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए स्वेता एवं उनके परिवार को बधाई दी। विद्यालय परिवार ने स्वेता के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम और रोशन करेंगी।

# गायत्री शक्ति पीठ में कल मौन साधना शिविर

**जगप्रेरणा लांजी।**

***गायत्री शक्तिपीठ लांजी में 13 अगस्त 2026 को प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक मौन साधना साथ में पंचकोशी, सोहम साधना, प्राणायाम, ध्यान जप साधक एवं कार्यकर्ता को दिशाबोध,***



कर्मकांड में यज्ञ दीपयज्ञ पर चिंतन शोध अंत में विचार गोष्ठी जिला समन्वयक द्वारा सम्पन्न होगी। निवेदन है आप सभी अग्रणी परिजन जिम्मेदार भाई बहन कापी,पेन, पानी बोतल,आसन,माला और अपना पूरा मन लेकर आये। 4 घण्टा सभी मौन रहेंगे।

# किन्ही में अखंड रामायण पाठ अवसर पर धर्म, अध्यात्म, विज्ञान सेवा भाव का अनूठा संगम, वृक्षारोपण से पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

**जगप्रेरणा लांजी।**

***लांजी-किरनापुर क्षेत्र के ग्राम किन्हीं में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ समिति, स्थानीय ग्राम समितियों एवं अभिनंदन लाइफफाउंडेशन के सहयोग से आयोजित अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का 10 अगस्त से शुभारंभ होकर 11 अगस्त को विश्रांति के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक आयोजन के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, जैविक खेती,नशामुक्ति एवं***









सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ के शुभारंभ अवसर पर भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण की पूजा अर्चना की गई।

नगर कीर्तन साथ निकली यात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया। जगह-जगह ग्रामीणों ने दीप सजाकर, पूजा की थाली एवं रंगोली बनाकर भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण का स्वागत किया। बैंड एवं भजनों के साथ निकली राम यात्रा में ग्रामीणों की श्रद्धा और उत्साह देखते ही बनता था।

### 'स्वस्थ शरीर, प्रसन्न मन और स्वस्थ दृष्टि – सुखी जीवन की मजबूत नींव'

अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ एवं सेवा गतिविधियों के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य एवं नेत्र संबंधी जांच का लाभ लिया। स्वास्थ्य शिविर में लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ विभिन्न बीमारियों एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में डॉ निशांत करवड़े स्ब्ब्क्र स्ब्र एवं रामायण हॉस्पिटल गोंदिया,बालाघाट द्वारा चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। ग्रामीणों को बीमारी से बचाव, नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।

### हवन यज्ञ एवं गौ माता का पूजन साथ ही पौधारोपण किया गया

अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ के दौरान हवन-यज्ञ के साथ गौ माता का पूजन किया गया तथा गौ संरक्षण का संकल्प लिया गया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ गांव में 25 पौधों का पौधारोपण किया गया। ग्रामीणों एवं महिला मंडल समितियों ने पौधों की देखभाल और उन्हें बच्चों की तरह संरक्षण देने का संकल्प लिया।

### धर्म के साथ मानव सेवा का संदेश

कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि धार्मिक आयोजनों के साथ समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और संस्कार निर्माण जैसे कार्यों को जोड़कर समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। आयोजकों ने कहा कि ÷मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है÷ और इसी भावना के साथ सावन माह में 30 गांवों में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### योग शिविर – स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन की ओर एक कदम

÷योग अपनाएं, निरोग रहें – स्वस्थ जीवन की यही पहचान।÷आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहना हर उम्र के व्यक्ति के लिए आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आयोजित योग शिविर में बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं सभी आयु वर्ग के लोगों को योग और प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### शिक्षा, संस्कार और बच्चों की प्रतिभा विकास पर जोर

कार्यक्रम में संतजनों, प्रबुद्ध नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों श्रीरामचरितमानस के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।वक्ताओं ने कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श जीवन, सामाजिक समरसता, सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। ग्रामीण बच्चों को शिक्षा के महत्व, नियमित अध्ययन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सामाजिक एवं शिक्षाप्रद संदेश दिए। ग्रामीणों ने बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग का संकल्प लिया।

### कार्यक्रम में सहयोगी सदस्य ग्रामीणजन सर्व श्री

श्री दयानंद धनवाले, सुभाष बिहोने, झनक लाल कुथे, योगेश खरखाते, संतोष महेश्वरे, शैलेश पटले, शंकर सिंह बाट, संतोष शरणागत, पुरुषोत्तम कापसे, छत्रपाल बावने, अशोक उईके, यशवंत दोनाडकर, अमित सिंह बाट, राजेश बावने, लंकेश हरिनखेड़े, इनदल पारधी, राजेंद्र सोनकर, दुर्गा कालबेले, गौरव धनवले, चंदन कालबेले, विजय भंडारकर, छत्रपाल बढ़पातरे, हीरालाल बिहोने, भुनेस्वर बिहोने, महेश कावरे, प्रमोद शरणागत, बसंत भेलावे, कुंवर लाल लावाबुरे, जयमहेश मिश्रा, गिरधारी नाकतोड़े, रोहित मंसूरे, कुंजीलाल टेमरे, धनीराम कुथे, मनोज कुथे, चमारूलाल मंसूरे, नरेंद्र मंसूरे, दीपक सिंह बाट, श्याम तेलासे, नीलम सोनकर, बहादुर सिंह जाचपेले, शतीश भगत, इंद्रकुमार ठाकरे, भुवन बावने, राहुल बोमचेर, शिव राम तेलासे, तरुण बेदरे।

### ग्राम मुंडेसरा में भी अखण्ड पाठ का शुभारंभ

इसी क्रम में ग्राम मुंडेसरा में स्थानीय नागरिकों, ग्राम समितियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से 11 अगस्त 2026 को संगीतमय अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन 12 अगस्त को विश्रांति के साथ स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं महाप्रसाद के साथ किया गया। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के इस आयोजन में सहभागिता का आग्रह किया।

# हर घर तिरंगा का संदेश लेकर निकली तिरंगा यात्रा, विद्यार्थियों ने लगाए देशभक्ति के नारे..

**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाड़ा के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा रैली निकालकर नागरिकों को राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का संदेश दिया। 9 से 17 अगस्त तक चल रहे अभियान के तहत***






जिलेभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विद्यालय परिसर से शुरू हुई तिरंगा रैली पुलिस थाना होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। इसके बाद जनपद पंचायत से मुख्य मार्ग होते हुए रैली वापस विद्यालय परिसर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे लगाए और ग्रामीणों से राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

### तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रप्रेम का दिया संदेश

तिरंगा यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

### 17 अगस्त तक होंगी विभिन्न गतिविधियां

**हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 से 17 अगस्त तक जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन आयोजनों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को अभियान से जोड़ने और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। रैली में विद्यालय की प्राचार्या सुनीता पन्द्रे, सीमा उईके, गीता गौतम, संगीता गौतम, मनोज वरकड़े, खेमलाल वरकड़े सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।**

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।**





जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# क्रिकेट के बाद अब TV पर हिटमैन का जलवा रोहित शर्मा कर रहे छोटे पर्दे पर डेब्यू, मचाएंगे धमाल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय क्रिकेट टीम के धाकड़ कप्तान रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी20 और टेस्ट क्रिकेट से विदाई लेने के बाद अब जीवन की एक नई पारी की ओर कदम बढ़ाया है। बल्ला थामकर गेंदबाजों के छक्के छुड़ाने वाले हिटमैन अब पहली बार एक नए अंदाज में दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे।***



मीडिया जगत में हलचल मचाने वाली इस नई शुरुआत के साथ रोहित जल्द ही छोटे पर्दे पर अपने खुद के शो के जरिए आधिकारिक तौर पर मनोरंजन जगत में कदम रखने जा रहे हैं।

## हिटमैन का नया अंदाज और दिलचस्प टीजर..

हाल ही में सामने आई इस नई पहल की विस्तृत जानकारी को भले ही अभी गुप्त रखा गया हो, लेकिन सामने आई कुछ झलकियों ने प्रशंसकों की उत्सुकता को कई गुना बढ़ा दिया है। शो से जुड़े एक दिलचस्प वीडियो में रोहित शर्मा अपने समर्थकों के साथ बातचीत करते दिखाई देते हैं। इस दौरान उनके प्रशंसक लगातार उनसे उनका प्रसिद्ध संवाद, 'कोई भी गार्डन में नहीं घूमेगा,' दोहराने की गुजारिश करते हैं। बार-बार एक ही मांग से थोड़े असहज होकर रोहित वहां से चले जाते हैं। यह मजेदार पल शो के पूरे मनोरंजन पैकेज का सिर्फएक छोटा सा हिस्सा भर है, जो यह संकेत देता है कि दर्शकों को मैदान से बाहर भी उनका एक अनोखा रूप देखने को मिलेगा।

## त्योहारी मौसम में नए कार्यक्रमों की भरमार..

हिटमैन के इस नए अवतार के अलावा आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नए और रोमांचक कंटेंट की एक बड़ी कतार तैयार की गई है। दर्शकों के मनोरंजन के लिए सामान्य ज्ञान आधारित क्विज शो का 18वां संस्करण भी नए विचार 'सोचना पड़ेगा' के साथ वापसी कर चुका है, जो लोगों के ज्ञान और आकांक्षाओं को एक नया मंच देता है। इसके साथ ही बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता अजय देवगन एक नए रूप में आपराधिक मामलों और सच्ची घटनाओं पर आधारित एक सस्पेंस से भरे शो का संचालन करते दिखेंगे।

## टीवी के पर्दे पर आ रहे कई शोज..

हंसी और ठहाकों का माहौल बनाए रखने के लिए प्रसिद्ध कॉमेडी जोड़ी भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया एक नए गेम शो की कमान संभाल रहे हैं, जिसमें कई सितारे एक साथ आकर मजेदार चुनौतियों का सामना करेंगे। इसके अलावा ओटीटी जगत के प्रेमियों के लिए वित्तीय धोखाधड़ी और एक विशाल व्यावसायिक साम्राज्य के उत्थान और पतन की सच्ची दास्तान पर आधारित 'स्कैम 2010' जैसी चर्चित सीरीज भी लाइनअप में शामिल हैं, जिसका निर्देशन प्रसिद्ध राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार द्वारा किया गया है।

# कौन हैं कोमल रानी स्वर्णकार? बनीं गोविंदा की 37 साल पुरानी शादी में दरार की वजह, 62 साल के एक्टर संग अफेयर के चर्चे..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी कोई ब्लॉकबस्टर फिल्म या अभिनय नहीं, बल्कि उनकी निजी जिंदगी से जुड़ी अफवाहें हैं।***



90 के दशक में अपनी बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग और डांस स्टाइल से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले गोविंदा इन दिनों अपनी सह-कलाकार कोमल के साथ नाम जुड़ने को लेकर लगातार गॉसिप गलियारों में बने हुए हैं। दोनों को एक साथ सार्वजनिक स्थानों पर देखा गया है, जिसके बाद से ही मीडिया और सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि न तो गोविंदा और न ही कोमल की तरफ से इन खबरों पर कोई आधिकारिक मुहर लगाई गई है और यह पूरी तरह से कयासबाजी पर आधारित है।

## कौन हैं कोमल रानी स्वर्णकार?

कोमल रानी स्वर्णकार भारतीय सिनेमा में एक उभरती हुई अभिनेत्री हैं, जो जल्द ही हिंदी फिल्म उद्योग में अपना बड़ा कदम रखने जा रही हैं। गोविंदा के साथ नाम जुड़ने से पहले मुख्यधारा के सिनेमाई दर्शकों के बीच उनकी कोई खास पहचान नहीं थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कोमल मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। हालांकि उनके शुरुआती जीवन, पारिवारिक पृष्ठभूमि, शिक्षा और सटीक उम्र को लेकर सार्वजनिक रूप से विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध नहीं है। गोविंदा के साथ उनकी आगामी फिल्मों और बढ़ती नजदीकी के कारण ही वे अचानक से सुर्खियों में आई हैं।

## गोविंदा संग 'रूपा' और 'दुनियादारी' से बॉलीवुड में कदम..

कोमल और गोविंदा के बीच की चर्चा का सबसे मुख्य कारण उनका व्यावसायिक जुड़ाव है। कोमल, गोविंदा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रूपा' में उनके साथ मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को गोविंदा के बड़े पर्दे पर वापसी के एक बड़े मौके के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा मीडिया रिपोर्ट्स में कोमल का नाम गोविंदा के एक और आगामी प्रोजेक्ट 'दुनियादारी' से भी जोड़ा जा रहा है।

एक साथ दो-दो फिल्मों में वरिष्ठ अभिनेता के साथ काम करने की खबरों ने दोनों के रिश्तों को लेकर चल रही अफवाहों को और बल दिया है।

## एयरपोर्ट स्पॉटिंग और लिंक-अप की अफवाहें..

इन दोनों के बीच अफेयर की खबरों ने तब तूल पकड़ा जब मुंबई एयरपोर्ट पर गोविंदा और कोमल को एक साथ देखा गया। एयरपोर्ट से सामने आई तस्वीरों और वीडियोज ने सोशल मीडिया पर यूजर्स का ध्यान तुरंत अपनी ओर खींच लिया। इसके बाद से ही दोनों के रिश्ते को लेकर अफवाहों का दौर शुरू हो गया। गोविंदा की निजी जिंदगी को लेकर पहले से ही चल रही विभिन्न चर्चाओं के बीच इस पब्लिक अपीयरेंस ने आग में घी डालने का काम किया।


## सुनीता आहूजा की तीखी प्रतिक्रिया..

गोविंदा और कोमल के लिंक-अप की इन खबरों के बीच अभिनेता की पत्नी सुनीता आहूजा की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। गोविंदा और सुनीता की शादी 1987 में हुई थी और दोनों के दो बच्चे, टीना और यशवर्धन हैं। जब सुनीता से गोविंदा और इस नवोदित अभिनेत्री के एक साथ दिखने और चल रही गॉसिप्स के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मशहूर हिंदी मुहावरा दोहराते हुए कहा, 'विनाश काले विपरीत बुद्धि'। सुनीता आहूजा का यह कड़ा बयान स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि वे इस पूरी स्थिति और अफवाहों से बेहद असहज और नाखुश हैं।

# पिता के निधन से टूटे लियोनेल मेसी का बड़ा फैसला, फुटबॉल से लिया अनिश्चितकाल के लिए ब्रेक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का 68 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे काफी समय से बीमार थे और उन्होंने रोसारियो के एक अस्पताल में अपनी आखिरी सांस ली।***



इस दुखद घड़ी में मेसी ने फुटबॉल से कुछ समय के लिए दूरी बना ली है और अपने करियर से अनिश्चितकाल के लिए ब्रेक ले लिया है। फिलहाल वे अपने परिवार के साथ वक्त बिताना चाहते हैं, इसलिए मैदान पर उनकी वापसी की कोई तारीख तय नहीं है।

## इंटर मियामी टीम में वापसी की तारीख तय नहीं..

फ्रांसीसी वेबसाइट फुट मर्काटो और गोल.कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, अर्जेंटीना के मीडिया में यह खबर आई है कि आठ बार बैलन डी'ओर जीत चुके लियोनेल मेसी इस मुश्किल वक्त में अपने परिवार के साथ रहने के लिए अपने खेल से ब्रेक ले चुके हैं। मेसी ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वे इंटर मियामी टीम में वापस कब लौटेंगे। इससे यह साफ पता चलता है कि इस समय उनके लिए फुटबॉल से ज्यादा उनका परिवार जरूरी है और वे अपना पूरा ध्यान अपने परिवार पर ही लगा रहे हैं।

## बेटे के लिए सलाहकार और मेंटोर की भूमिका निभाते थे जॉर्ज मेसी..

जॉर्ज मेसी सिर्फलियोनेल मेसी के पिता ही नहीं थे, बल्कि उनके फुटबॉल करियर में भी उनका बहुत बड़ा हाथ था। जब मेसी ने फुटबॉल खेलना शुरू किया, तब से लेकर दुनिया के महान खिलाड़ियों में शामिल होने तक, उनके पिता हर कदम पर उनके साथ खड़े रहे। शुरुआत में एक स्टील फैक्ट्री में सुपरवाइजर के रूप में काम करने वाले जॉर्ज बाद में अपने बेटे के सलाहकार और मेंटोर बन गए थे। मेसी के करियर से जुड़े कई बड़े और महत्वपूर्ण फैसले लेने में उनकी भूमिका काफी अहम रही।

## बार्सिलोना फुटबॉल क्लब की यूथ अकादमी में शामिल हुए मेसी..

जब मेसी सिर्फ 13 साल के थे, तब उनके पिता जॉर्ज ने उन्हें स्पेन भेजने में मदद की थी। वहां मेसी बार्सिलोना फुटबॉल क्लब की यूथ अकादमी में शामिल हो गए और आगे चलकर दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल स्टार बने। बचपन में मेसी को एक बीमारी थी, जिसकी वजह से उनका शरीर सही तरह से नहीं बढ़ पा रहा था। इसके इलाज के लिए उन्हें रोज इंजेक्शन लगाने पड़ते थे। बार्सिलोना क्लब ने उनके इलाज का सारा खर्च उठाया, जिससे मेसी अपनी इस परेशानी से बाहर निकल पाए और बाद में उनकी लंबाई लगभग 5 फीट 7 इंच (1.70 मीटर) तक पहुंच गई।

# कौन हैं रवि किशन की बेटी इशिता शुक्ला? ग्लैमर से दूर हैं दमदार स्नाइपर शूटर, बॉलीवुड छोड़ चुनी देश सेवा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***प्रसिद्ध अभिनेता और नेता रवि किशन की बेटी इशिता शुक्ला ने बॉलीवुड की जगमगाहट से अलग एक बेहद प्रेरणादायक रास्ता चुना है। फिल्मी पृष्ठभूमि से जुड़े परिवार की बेटी होने के नाते उनके लिए***



भारतीय सिनेमा में कदम रखना बहुत आसान विकल्प हो सकता था। हालांकि इशिता ने कम उम्र से ही अभिनय के बजाय देशसेवा और सैन्य बलों का हिस्सा बनने में अधिक रुचि दिखाई। उनका यह फैसला बॉलीवुड के कई सितारों और फैंस के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।

## NCC से अग्निवीर तक..

इशिता का राष्ट्रसेवा के प्रति यह सफर नेशनल कैडेट कोर से शुरू हुआ, जहां उन्होंने कठिन सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया। दिल्ली डायरेक्टरेट की 7 गर्ल्स बटालियन से जुड़ी रहीं इशिता ने कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में भी हिस्सा लिया था। साल 2023 में आई कई मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी सामने आई थी कि वे 'अग्निपथ योजना' के तहत भारतीय रक्षा बलों में 'अग्निवीर' के रूप में शामिल हो गई हैं। उनकी इस उपलब्धि और समर्पण की सोशल मीडिया पर व्यापक सराहना हुई।

## 'मेरी बेटी स्नाइपर शूटर है': पिता रवि किशन का गर्व..

रवि किशन अपनी बेटी की हृष्ट्ष्ट यात्रा और देशसेवा के संकल्प के बारे में अक्सर खुलकर बात करते रहे हैं। वे अपनी बेटी की ट्रेनिंग की तस्वीरें और अपडेट्स प्रशंसकों के साथ साझा करते रहते हैं। एक इंटरव्यू के दौरान अपनी बेटी की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने गर्व से बताया कि इशिता भारतीय सेना से जुड़ रही हैं और वे एक कुशल स्नाइपर शूटर हैं। एक पिता के रूप में रवि किशन ने हमेशा इशिता के इस फैसले का समर्थन किया है।

## अनुपम खेर और आर माधवन ने थपथपाई पीठ..

इशिता के इस कदम ने न सिर्फ आम जनता का, बल्कि सिनेमा जगत की जानी-मानी हस्तियों का भी ध्यान अपनी ओर खींचा।

वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर ने पारंपरिक रूप से बॉलीवुड में जाने के बजाय सेना का कठिन रास्ता चुनने के लिए इशिता के जज्बे की खुलकर तारीफ की। वहीं मशहूर अभिनेता आर माधवन ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इशिता की यात्रा की सराहना करते हुए एक पोस्ट साझा की, जिससे उनके इस कदम की चर्चा एक बार फिर से चारों ओर शुरू हो गई।

## रवि किशन का परिवार और बच्चों के अलग-अलग करियर विकल्प..

रवि किशन और उनकी पत्नी प्रीति शुक्ला के चार बच्चे हैं, तीन बेटियां और एक बेटा। जहां इशिता ने सेना का रास्ता चुनकर मिसाल कायम की है, वहीं उनकी दूसरी बेटी रिवा किशन ने अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए अभिनय क्षेत्र को चुना। रिवा ने साल 2020 में आई फिल्म 'सब कुशल मंगल' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी।

इसके अलावा रिवा ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो के रियलिटी शो 'एलायंस' में भी नजर आ चुकी हैं। रवि किशन के बच्चों के अलग-अलग करियर विकल्प यह दर्शाते हैं कि वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्वतंत्र हैं।

# नामीबिया सीरीज के लिए स्क्वॉड का हुआ ऐलान टीम को मिला नया कप्तान..

डेस्क जगप्रेरणा।

***साउथ अफ्रीका की टीम इस महीने के अंत में नामीबिया का दौरा करेगी। इस दौरे पर दोनों टीमें आपस में पहले टी20 सीरीज और उसके बाद वनडे सीरीज खेलेगी। नामीबिया दौरे के लिए साउथ अफ्रीका ने अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है।***



टी20 सीरीज में ब्योर्न फोर्टुइन टीम की अगुवाई करेंगे। मार्को जेनसेन के जुड़वा भाई डुआन जेनसेन को पहली बार साउथ अफ्रीका की टीम में शामिल किया गया है।

## बीजोर्न फोर्टुइन करेंगे टीम की कप्तानी..

दक्षिण अफ्रीका की इस नई और युवा टीम की कमान बाएं हाथ के स्पिनर बीजोर्न फोर्टुइन को सौंपी गई है। यह टीम पहले टी20 ट्राई सीरीज खेलेगी और इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस दौरे के लिए टीम के कई मुख्य खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। डुआन जेनसेन के अलावा ईथान बॉश भी ऐसे दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक कोई टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। ईथान बॉश, कॉर्बिन बॉश के भाई हैं।

## तीन खिलाड़ियों को मिली पहली बार वनडे टीम में जगह..

कॉनर एस्टरहुइजेन, जॉर्डन हरमन और न्कोबानी मोकोएना को भी पहली बार वनडे टीम में चुना गया है। जॉर्डन ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ **T20I** में डेब्यू किया था, लेकिन पहले ही मैच में चोटिल हो गए थे। साउथ अफ्रीका के लिए अब तक उनका यही एकमात्र मैच रहा है। उनके भाई, विकेटकीपर-बल्लेबाज रुबिन को भी टीम में शामिल किया गया है।

## शुकरी कॉनराड ने टीम में चयन को लेकर क्या कहा?

कोच शुकरी कॉनराड ने टीम सेलेक्शन को लेकर कहा कि इससे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का नया अनुभव मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफटी-20 सीरीज में कॉनर और नकोबानी ने अपनी बेहतरीन क्षमता दिखाई थी। हालांकि उस सीरीज के पहले ही मैच में जॉर्डन चोटिल हो गए थे, इसलिए उन्हें इस स्तर पर दोबारा खेलते देखना काफी खुशी की बात होगी। कॉनराड ने आगे कहा कि इस दौरे से घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए भी आगे बढ़ने के रास्ते खुले हैं, जिनमें ऑलराउंडर डुआन जानसेन भी शामिल हैं। इसके अलावा, ब्योर्न फॉर्च्यून एक अनुभवी खिलाड़ी और काबिल कप्तान हैं, और उन पर इस पूरी टीम की जिम्मेदारी संभालने का पूरा भरोसा है।

नामीबिया के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका का स्क्वॉडः ब्योर्न फोर्टुइन, ईथन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, टोनी डी जोरजी, कॉनर एस्टरहुइजन, जॉर्डन हरमन, रुबिन हरमन, डुआन जेनसेन, क्वेना मफाका, मोकोएना, नकाबा पीटर, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, लुथो सिपामला, जेसन स्मिथ और प्रेनेलन सुब्रेयन

# पेरिस ओलंपिक की निराशा को एशियाई खेलों की सफलता में बदलना चाहती हैं..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पेरिस ओलंपिक में बेहद मामूली अंतर से पदक से चूकने वाली भारतीय स्कीट निशानेबाज महेश्वरी चौहान अब अगले महीने जापान में होने वाले एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन का लक्ष्य लेकर तैयारी कर रही हैं। दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में ट्रैप एवं स्कीट निशानेबाजों के एशियाई खेलों के तैयारी शिविर में हिस्सा ले रहीं महेश्वरी और अनंतजीत सिंह नरुका की जोड़ी ने पेरिस ओलंपिक की मिश्रित टीम स्कीट स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया था।***

यह जोड़ी ओलंपिक की स्कीट स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी लेकिन महज एक अंक से कांस्य पदक से चूक गयी थी। महेश्वरी ने शिविर के इतर साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, 'पहला ओलंपिक हमेशा थोड़ा अलग अनुभव होता है लेकिन मैंने उसका पूरा लुत्फ उठाया। मुझे काफी सीख मिली है और अब उसी अनुभव के आधार पर आगे बढ़ना चाहती हूं।'

उन्होंने एशियाई खेलों में अपने पहले अभियान पर कहा, ''मेरी सबसे बड़ी कोशिश यही रहेगी कि मैं हर पल का आनंद लूं और पूरी तरह वर्तमान में रहकर खेलूं। प्रतियोगिता का नाम बदल सकता है, लेकिन मेरी तैयारी और खेलने का नजरिया वही रहेगा।'

महेश्वरी ने पेरिस ओलंपिक की यादों का जिक्र करते हुए कहा, 'वह पल कभी भुलाया नहीं जा सकता। वह हमेशा आपके साथ रहता है और आपको पहले से अधिक मेहनत करने तथा खुद को बेहतर बनाने की प्रेरणा देता है।'

एशियाई खेलों की तैयारियों के तहत चल रहे इस शिविर में स्कीट एवं ट्रैप की छह-छह समेत कुल 12 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। साइ की मंजूरी से आयोजित यह शिविर 18 अगस्त तक चलेगा।

साइ ने इस शिविर के आयोजन के लिए भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है। इसमें खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफके ठहरने, यात्रा, निशानेबाजी परिसर की सुविधाएं, निशानेबाजी से जुड़े साजो-सामान सहयोगी स्टाफ तथा अन्य आवश्यक खर्च शामिल हैं।

## एशियाई खेलों के तैयारी शिविर में शामिल भारतीय निशानेबाज:

**स्कीट टीमः** अनंतजीत सिंह नरुका, परीनाज धालीवाल, भवतेग सिंह गिल, मैराज अहमद खान, रायजा ढिल्लों और महेश्वरी चौहान।

**ट्रैप टीमः** किनान चेनाई, नीरू धांडा, अहवर रिजवी, मनीषा कीर, शपथ भारद्वाज और आशिमा अहलावत।

जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## हर घर तिरंगा से हर हृदय तिरंगा तक..

हर भारतीय के लिए यह समझना आवश्यक है कि तिरंगा केवल तीन रंगों से बना एक राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, संप्रभुता, अखंडता, लोकतांत्रिक चेतना और राष्ट्रीय अस्मिता का जीवंत प्रतीक है। इसके प्रत्येक रंग और प्रत्येक प्रतीक के पीछे एक गहरा राष्ट्रीय दर्शन निहित है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम के असंख्य ज्ञात-अज्ञात सेनानियों के बलिदान, संविधान निर्माताओं की लोकतांत्रिक आकांक्षाएं और एक न्यायपूर्ण, समतामूलक एवं समृद्ध भारत का स्वप्न प्रतिबिंबित होता है।

इसीलिए तिरंगे का सम्मान केवल उसे हाथ में थामने, घर पर फहराने, उसके सामने सिर झुकाने या राष्ट्रीय पर्वों पर सलामी देने तक सीमित नहीं होना चाहिए। ध्वज का वास्तविक सम्मान तब होगा, जब उसके प्रति श्रद्धा हमारे आचरण में दिखाई दे और उसमें निहित आदर्श हमारे विचार, व्यवहार तथा दैनिक जीवन का हिस्सा बनें। 'हर घर तिरंगा' तभी सार्थक होगा, जब उसके साथ 'हर हृदय तिरंगा' भी स्थापित हो।

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंग अपने भीतर व्यापक संदेश समेटे हुए हैं। शीर्ष पर स्थित केसरिया रंग साहस, त्याग और निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। यह स्मरण कराता है कि राष्ट्र निर्माण केवल अधिकारों की मांग से नहीं, बल्कि कर्तव्यों के निर्वहन, अनुशासन और आवश्यकता पड़ने पर व्यक्तिगत स्वार्थ के त्याग से होता है। स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में असंख्य लोगों ने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग कर राष्ट्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी। आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए उसी भावना की आवश्यकता है।

ध्वज का श्वेत रंग सत्य, शांति और पारदर्शिता का संदेश देता है। लोकतांत्रिक समाज में सत्यनिष्ठा, सहिष्णुता, संवाद और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व केवल आदर्श शब्द नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता की आवश्यक शर्तें हैं। जब सार्वजनिक जीवन में सत्य और पारदर्शिता कमजोर होती है तथा असहमति को शत्रुता समझा जाने लगता है, तब लोकतांत्रिक मूल्यों को क्षति पहुंचती है। इसलिए श्वेत रंग हमें विचार और व्यवहार दोनों में संयम तथा सत्य का मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है।

हरा रंग जीवन, विकास, समृद्धि और प्रकृति के साथ संतुलन का प्रतीक माना जाता है। भारत जैसे कृषि प्रधान और जैव-विविधता से समृद्ध देश के लिए इसका संदेश विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। आर्थिक विकास आवश्यक है, लेकिन ऐसा विकास जो प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करे, आने वाली पीढ़ियों के हितों की उपेक्षा करे, वह वास्तविक प्रगति नहीं हो सकता। इसलिए हरे रंग का संदेश हमें विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की जिम्मेदारी का भी बोध कराता है।

तिरंगे के मध्य स्थित नीले रंग का अशोक चक्र इसकी दार्शनिक आत्मा को और गहरा करता है। अशोक चक्र भारतीय परंपरा में धर्म, न्याय और नैतिक व्यवस्था से जुड़े धर्मचक्र की स्मृति को अभिव्यक्त करता है। इसके 24 आरे निरंतर गति और कर्म की प्रेरणा देते हैं। इसका व्यापक संदेश है कि जीवन, समाज और राष्ट्र में ठहराव नहीं, बल्कि निरंतर प्रगति आवश्यक है। स्वतंत्रता का अर्थ निष्क्रियता नहीं, बल्कि जिम्मेदार कर्म है; अधिकारों के साथ कर्तव्य और स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व भी जुड़ा हुआ है।

आज भारत विश्व में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान, डिजिटल प्रौद्योगिकी, जैव-प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, स्टार्टअप, रक्षा उत्पादन और नवाचार जैसे अनेक क्षेत्रों में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। चंद्रयान मिशनों से लेकर डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तक और स्वदेशी तकनीकी क्षमता से लेकर वैश्विक स्तर पर बढ़ती उद्यमिता तक, भारत की क्षमता का विस्तार हुआ है। लेकिन किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति केवल उसके सकल घरेलू उत्पाद, सैन्य सामर्थ्य या तकनीकी उपलब्धियों से निर्धारित नहीं होती। उसकी स्थायी शक्ति उसके नागरिकों के चरित्र, सामाजिक सद्भाव, संस्थाओं के प्रति सम्मान, कानून के पालन और सार्वजनिक जीवन की नैतिकता में निहित होती है।

यही 'हर हृदय तिरंगा' की अवधारणा का मूल है। इसका अर्थ है कि तिरंगा हमारे हाथ में दिखाई देने के साथ-साथ हमारे विचारों और कर्मों में भी दिखाई दे। राष्ट्रप्रेम केवल बड़े अवसरों पर देशभक्ति प्रदर्शित करने का नाम नहीं है। यह अपने दैनिक दायित्वों को ईमानदारी, निष्ठा और दक्षता से निभाने की सतत प्रक्रिया है। शिक्षक का ईमानदारी से पढ़ाना, विद्यार्थी का अनुशासन और परिश्रम अपनाना, चिकित्सक का पेशा-गत नैतिकता का पालन करना, व्यापारी का ईमानदार व्यवहार, कर्मचारी का अपने दायित्व के प्रति समर्पण, किसान का परिश्रम और वैज्ञानिक का नए ज्ञान के सृजन के प्रति समर्पण आदि सभी राष्ट्र निर्माण के रूप हैं।

राष्ट्रप्रेम सोशल मीडिया पर तिरंगे की तस्वीर लगाने, देशभक्ति के नारे लगाने या राष्ट्रीय पर्वों पर देशभक्ति के गीत गाने, मिठाई बांटने तक सीमित नहीं हो सकता। वास्तविक देशभक्ति हमारे छोटे-छोटे नागरिक व्यवहारों में प्रकट होती है। यातायात नियमों का पालन करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, स्वच्छता बनाए रखना, जल और ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग करना, करों का ईमानदारी से भुगतान करना, महिलाओं और वंचित वर्गों का सम्मान करना तथा संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल्यों को व्यवहार में उतारना आदि सभी राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का हिस्सा हैं।

भारत की पहचान उसकी एकरूपता में नहीं, बल्कि विविधता में एकता की उसकी अद्वितीय क्षमता में है। अनेक भाषाएं, संस्कृतियां, परंपराएं, जीवन-पद्धतियां और विचारधाराएं भारत की सामाजिक संरचना को समृद्ध बनाती हैं। इसलिए तिरंगे को हृदय में स्थापित करने का अर्थ किसी धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र या राजनीतिक विचारधारा के प्रति घृणा पैदा करना नहीं है। इसके विपरीत, इसका अर्थ है कि मतभेदों के बावजूद हम 'भारतीय' होने की साझा पहचान को सर्वोच्च नागरिक बंधन के रूप में स्वीकार करें और प्रत्येक नागरिक की गरिमा का सम्मान करें।

राष्ट्र की रक्षा केवल सीमा पर तैनात सैनिक नहीं करते। सैनिक बाहरी सीमाओं की सुरक्षा करता है, तो नागरिक अपने आचरण से राष्ट्र की आंतरिक शक्ति, सामाजिक स्थिरता और वैश्विक प्रतिष्ठा को मजबूत करता है। सीमा पर सैनिक का साहस जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण खेत में किसान का परिश्रम, प्रयोगशाला में वैज्ञानिक का शोध, कारखाने में श्रमिक का श्रम, कक्षा में शिक्षक का ज्ञान, उद्यमी का नवाचार और सार्वजनिक जीवन में नागरिक की ईमानदारी है। राष्ट्र निर्माण वास्तव में करोड़ों नागरिकों के सामूहिक कर्म का परिणाम है।

इसलिए जब हम इस वर्ष अपने घर पर तिरंगा फहराएं, तो कुछ क्षण रुककर स्वयं से भी प्रश्न करें–क्या तिरंगे के प्रति हमारा सम्मान केवल ध्वज तक सीमित है, या उसके आदर्श हमारे जीवन में भी दिखाई देते हैं? क्या हमारे भीतर केसरिया रंग का साहस और त्याग, श्वेत रंग की सत्यनिष्ठा और शांति, हरे रंग का विकास और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता तथा अशोक चक्र की निरंतर कर्म-शीलता जीवित है? क्या हम अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों को भी उतनी ही गंभीरता से निभाते हैं?यदि इन प्रश्नों का उत्तर सकारात्मक है, तभी 'हर घर तिरंगा' का अभियान अपने व्यापक राष्ट्रीय उद्देश्य को प्राप्त कर सकेगा और 'हर हृदय तिरंगा' की भावना को जन्म देगा।

तिरंगा केवल हमारे घरों की छतों पर नहीं, हमारे चरित्र में भी दिखाई देना चाहिए। वह केवल हाथों में नहीं, हमारे विचारों में होना चाहिए; केवल राष्ट्रीय पर्वों पर नहीं, हमारे दैनिक आचरण में उपस्थित होना चाहिए। जब राष्ट्रध्वज के रंग हमारे व्यवहार के रंग बन जाएंगे और अशोक चक्र की गति हमारे कर्म की प्रेरणा बनेगी, तभी तिरंगे के प्रति हमारी श्रद्धा वास्तविक राष्ट्रभक्ति में परिवर्तित होगी।

'हर घर तिरंगा' राष्ट्रीय गौरव का उत्सव है, लेकिन 'हर हृदय तिरंगा' उस गौरव को जीवन में उतारने का संकल्प है। यही सच्ची देशभक्ति है, यही सच्ची राष्ट्रसेवा है और यही स्वतंत्र भारत के प्रति हमारी सबसे बड़ी नागरिक जिम्मेदारी है।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## 'वतन के लिए'..

तन-मन समर्पित हो, वतन के लिए।
गीत लिखना मुझे, इस चमन के लिए।
शब्द का सृजन हो, वतन के लिए।
अर्थ का समर्पण हो, वतन के लिए।
रोशनी जिन द्वारों तक, पहुंच न सकी।
रोशनी की नवकिरण हो, आमजन के लिए।
गीत लिखना मुझे, इस चमन के लिए।
शौर्य हो, ओज हो, हो साहस अधिक।
वीरता का गठन हो, वतन के लिए।
हों भावनाएं सदा, सहयोग की।
सारा चिन्तन-मनन हो, वतन के लिए।
जो राह भटक, आतंक फैला रहे।
राह मिले उन्हें पावन, वतन के लिए।
गीत लिखना मुझे
इस चमन के लिए।
अपने कर्तव्य में, जुट जाएं सभी।
स्नेह औ' लगन हो, वतन के लिए।
मुश्किलों की डगर,
अब आसान हो।
नित नए-नए,
सृजन हों वतन के लिए।
'यमुनेश्वरी' के स्वर,
सदा ये कह रहे।
भाव-अनुभाव सभी हों,
वतन के लिए।
गीत लिखना मुझे,
इस चमन के लिए।
तन-मन समर्पित हो,
वतन के लिए।

रचनाकार



वल्लभ यमुनेश्वरी
नैनपुर

## ये वादा मेरा है

नदियाँ के किनारे पर,
पंछीयों का डेरा है।
चांद का उजाला है,
शाम का अंधेरा है।

जब से गये हो तुम,
मुझको कुछ नही भाता है।
शाम है बुझी बुझी शी,
अलसाया सबेरा है।

तुम्हारे वापस आने का,
मैं इंतजार करती हूँ।
मोबाईल पर बातों से,
भरता नही दिल मेरा है।

तुम क्या जानो तुम बीन,
मैं कैसी रहती हूँ।
खुशीयाँ हो गयी गायब,
गमों ने आ घेरा है।

तेरे बीन मेरा भी हाल,
बिल्कुल तेरे जैसा है।
मजबूर हूँ क्यूकी सीमा
पर शत्रू ने ललकारा है।

पहली छुट्टी मिलते ही,
मैं वापस घर आऊँगा।
तब तक रखो धीरज,
तुमसे ये वादा मेरा है।

रचनाकार



चिरंजीव बिसेन
गोंदिया

## जिंदगी सँवारते रहें..

सपनों में जिंदगी सँवारते रहें,
आँखों से दिल में उतारते रहें।

जब दिल हुआ घायल प्यार में,
बस यारों को हम पुकारते रहें।


मिलने की खाई
थी हमनें कसम,
उसी आस में जीवन गुजारते रहें।
मिले जब वो सजन के साथ में,

बस हम स्वयं को
ही निहारते रहें।

ग़म न मिले उजाला
कभी यार को,
इस लिए उन्हें हम
निखारते रहें।

अनिल कसेर
'उजाला'


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 243



ck;s ls nk;s & 1) किसी साथी का राज जाननेवाला 5) प्रभात, प्रातःकाल 8) सहज मिलनेवाला 11) जो सर्वदा हरा बना रहे 15) छानबीन, तलाश 17) कसकर बांधना, अकड़ना 18) खड्ग, समशेर 19) गरदन, गला 20) गन्ध, वास 21) घमंड़ 23) घमंड, नखरा, चोचला 25) दिया हुआ वचन 26) देने का कार्य 27) अवलोकन, देखने की क्रिया 29) हिन्दुओंका एक महिना जिसमें होली त्यौहार आता है 31)भली या बुरी लत, अभ्यास 33) गीला 35) रात, निशा 36) एक चर्मरोग 37) कुछ साल पूर्व ओम पुरी और दीपा साही का दूरदर्शन पर दिखाया गया एक विवादास्पद धारावाहिक 39) शरीर की उंचाई, डीलडौल 41) पराक्रमी 43) मध्य प्रदेश का एक प्रमुख शहर 45) व्यभिचारिणी, वेश्या 48) वृक्षों में भी जान होती है, यह सिद्ध करनेवाले एक प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक 50) नाना के पिता 52) चिपचिपाहट 53) विषैला 54) उष्ण 55) धमनी 56) कार्य, करामात 58) भक्षण करना 59) बड़ी नाली 60) दिवस 61) देवताओं द्वारा प्रसन्न होने पर दिया जानेवाला वर 62) हटना, खिसकना 65) लोप, विलय 67) किश्ती 68) रमण का अपभ्रंश रूप 69) वह स्थान जहां चीजें तैयार होती है 70) हिमालय से निकलनेवाली एक नदी जो गंगोत्री के पास गंगा मिलती है 72) पुत्र 73) गंगा का उगमस्थल माना जानेवाला उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख तीर्थ 74) ठंड़ का मौसम 76) एक किस्म का गीत 78) प्रस्थान, कहीं से जाने की अनुमति 79) पवन 80) दहकता कोयला 81) पूर्णिमा 82) उष्णता, ज्वर 84) बड़प्पन 86) बिना किसी बाधा के 87) जो पुरा न हो 88) ऋण 89) रसीला 91) कंजूस 92) चमचा 93) कृती, बनाना 95) नौ रस 96) वसुदेव– देवकी का पुत्र 97) कपड़े के छेद को तागे से भरने की क्रिया 99) टरटर या बकबक करना 101) जिसका कोई वारिस न हो 103) जड़ 104) धर्म 105) सुगंध 107) मूर्च्छा 108) दुष्कीर्ति 111) मूषक 112) दरी 113) व्यायाम 114) कलाकार 115) बगीचा

Åij ls uhps:– 1) मुसलमानोंद्वारा की गयी मक्का मदीने की यात्रा 2) उद्देश्य, लक्ष 3) नीच, निकम्मा 4) स्त्री जैसा, जताना 5) आत्मज, पुत्र 6) दंगा, दो दलों में होनेवाली मारपीट 7) जहां खूब हवा लगती हो 9) लगने की क्रिया या भाव, लगाव 10) श्रीरामजी के एक भाई 11) बिहार का एक राजनीतिक दल 12) जलानेवाला 13) बगुला 14) एक निदेशी शराब 16) जीभ, भाषा, बोली 22) बार 24) झुका हुआ 26) बहुत दानधर्म करनेवाला 28) बायां 30) एक पुराने नेता जिन्हे दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ 31) ध्वनि 32) भाग्य 34) नोबल पुरस्कार से सम्मानित हमारे एक साहित्यिक 35अ) पानी 36) दबाना 37) रहम खाना 38) आसान 40) गणित में वह बिंदू जिससे हर में दस या उसका कोई घात होता है 42) दूध औटाकर एवं शक्कर ड़ालकर बनाया जानेवाला एक खाद्य व्यंजन 43) महोदय 44) सेतु 46) वास करना 47) X X अरूण, फिल्म जगत की एक गायिका 49) आकाश 50) परदे में रहनेवाली (स्त्री) 51) रत्न 56) भाग्य का कार्य 57) बरसात 60) दीप 61) दुल्हा 62) आसानी 63) खुले स्थान को घेरने के लिये लगाया मोटा कपड़ा 64) केश 66) जब (सं.) 67) ठिंगना 69) पिता का भाई 70) निराहार 71) फिल्म जगत की एक प्रसिद्ध गायिका 72) विधवा 73) शंकर 75) क्रोधित होना 77) एक प्रसिद्ध महाराष्ट्रीय संत 79) खलबली 80) माता 81) वाक्य समाप्त होने पर लगाया जानेवाला अवतरण चिन्ह 83) लालन पालन 85) गिनती 86) आश्चर्य 87) प्रदीप कुमार और बीना रॉय की एक पुरानी फिल्म 90) रसदार 94) तुरन्त 95) नया आया हुआ 98) बेढंगा, भद्दा 100) व्यर्थ 102) चिपकाना का भूतकाल 104) बड़ा 106) कसौटी 108) नखरा 109) तोता 110) अग्नि (जवाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब







जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत सोनपुरी में भव्य तिरंगा रैली..

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

*माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार ÷हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा÷ अभियान के अंतर्गत ग्राम सोनपुरी में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को लेकर भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।*



रैली में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सोनपुरी, ग्राम पंचायत सोनपुरी, पीएम श्री स्कूल सोनपुरी, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

तिरंगा रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं जोश के साथ रैली में भाग लिया। वहीं महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों एवं समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया।

### प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति

सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारिक, उपाध्यक्ष संतोष सोनी, सचिव नितिन कुमार एवं जन अभियान परिषद जिला समन्वयक महेश पटले सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सोनपुरी से ज्योति वरकड़े सहित समिति के सदस्यों ने भी रैली में सक्रिय सहभागिता निभाई। वहीं ग्राम के नागरिकों में सुजल परते एवं राजेश उमरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पीएम श्री स्कूल सोनपुरी की सहभागिता

पीएम श्री स्कूल सोनपुरी से प्रधानाध्यापक श्री शोभाराम टेकाम तथा स्कूल स्टाफ से श्रीमती ज्योति टेम्भरे, प्रेमलता ठाकरे, रामेश्वरी राणा, यूनिशा ठाकुर एवं पूनम बिसेन सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं रैली में शामिल हुए।

### ग्राम पंचायत एवं विभागों की सहभागिता

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सोनपुरी उपसरपंच मनोज चौधरी, सचिव सुखचरण खंडाते, सहायक सचिव सतीश उमरे, डॉ. प्रभात घुले, श्री बाबूलाल गजभिये एवं अनिल बिसेन, साधना मर्सकोले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता रही।

### पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग

तिरंगा यात्रा को सफल एवं व्यवस्थित बनाने में पुलिस प्रशासन का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। थाना प्रभारी श्री कमलेश धूमकेतु के मार्गदर्शन एवं सहयोग से पुलिस विभाग का समस्त स्टाफ रैली में मौजूद रहा। पुलिस टीम द्वारा पूरी रैली के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# उकवा से बाबा मंडी धाम तक निकली भव्य कांवड़ यात्रा, शिवमय हुआ पूरा क्षेत्र







### सावन के दूसरे सोमवार पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा वातावरण..

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

*सावन माह के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर सोमवार, 10 अगस्त 2026 को उकवा से बाबा मंडी धाम तक भव्य कांवड़ यात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई। सुबह 6 बजे रेंज ऑफिस चौक से प्रारंभ हुई इस विशाल यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों, कांवड़ियों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने सहभागिता निभाई।*

यात्रा के दौरान पूरा मार्ग ÷हर-हर महादेव÷, ÷बोल बम÷ और ÷जय भोलेनाथ÷ के गगनभेदी जयघोषों से गुंजायमान रहा, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा।

श्रद्धालु पवित्र कांवड़ लेकर भक्ति भाव से बाबा मंडी धाम पहुंचे, जहां भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। पूरे मार्ग में श्रद्धालु उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे । भक्ति गीतों और डीजे की मधुर धुनों पर कांवड़िए पूरे जोश और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहे।

यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए फल, शीतल पेयजल, नाश्ता, प्रसाद तथा बाबा मंडी धाम में भोजन एवं मिठाई की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। सेवा कार्य में लगे स्वयंसेवकों ने पूरे समर्पण भाव से श्रद्धालुओं की सेवा की, जिसकी सभी ने सराहना की।

इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने में बोल बम सेवा समिति, उकवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के संरक्षक एवं संयोजक आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में मनोज अग्रवाल, तरुण रावल, दीपक अग्रवाल, मानसिंह धुर्वे, नेमी गौतम, लक्की चौकसे, मुकेश गोयल, वैभव चौकसे, रजत चौकसे, राजेश अग्रवाल, दीपक चौकसे, ऋषभ अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अनुज चौकसे, प्रतीक हरदे सहित जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्यों एवं अनेक सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पुलिस प्रशासन, दानदाताओं एवं क्षेत्रवासियों का भी सराहनीय सहयोग रहा।

कार्यक्रम के समापन पर बोल बम सेवा समिति के संरक्षक एवं संयोजक आकाश अग्रवाल ने चीकू महाकाल झांकी सोनपुरी के सुजल परते एवं उनकी टीम, प्रतीक फोटो स्टूडियो उकवा, समस्त पत्रकार बंधुओं, सभी शिवभक्तों तथा आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी सदस्यों और दानदाताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

भक्ति, सेवा और सामाजिक समर्पण का यह भव्य आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया।

# दिव्यांग प्रमाण-पत्र शिविर में 285 हितग्राहियों का परीक्षण, सांदीपनी विद्यालय में लगा शिविर, एसडीएम प्यासी ने किया निरीक्षण

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

*जनपद पंचायत परसवाड़ा अंतर्गत सोमवार को सांदीपनी विद्यालय में दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं नवीनीकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया।*





शिविर में जिला चिकित्सालय बालाघाट से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) के कर्मचारियों ने पहुंचकर दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में कुल 285 हितग्राहियों का परीक्षण किया गया।

शिविर का आयोजन पूर्व में जारी दिव्यांग प्रमाण-पत्रों के नवीनीकरण तथा पात्र दिव्यांगजनों के नवीन प्रमाण-पत्र बनाने के उद्देश्य से किया गया। चिकित्सकों की टीम द्वारा अस्थिरोग, नेत्र, मनोरोग, ईएनटी, मेडिसिन एवं शिशु रोग से संबंधित जांच की गई। वहीं डीडीआरसी की तकनीकी टीम द्वारा दिव्यांगजनों की आवश्यक जांच एवं मार्गदर्शन किया गया। शिविर के दौरान एसडीएम श्रीश प्यासी ने सांदीपनी विद्यालय पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं डीडीआरसी की टीम से हितग्राहियों के परीक्षण की जानकारी ली। साथ ही शिविर में आए दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर उन्हें मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले दिव्यांगजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उनकी जांच एवं प्रमाण-पत्र संबंधी प्रक्रिया निर्धारित समय में पूरी की जाए।

शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन अपने परिजनों के साथ पहुंचे। चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के बाद पात्र हितग्राहियों के दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी करने तथा पूर्व प्रमाण-पत्रों के नवीनीकरण की प्रक्रिया की जाएगी। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड का वितरण किया जाएगा।

# आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने बीते वित्त वर्ष बजट आवंटन का 99.78 प्रतिशत किया उपयोग

नई दिल्ली, (भाषा)।

*केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित बजट अनुमान का 99.78 प्रतिशत उपयोग किया है। मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 में 57,203.78 करोड़ रुपये के संशोधित बजट अनुमान के मुकाबले 57,075.19 करोड़ रुपये खर्च किए।*

हालांकि, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने कहा कि औद्योगिक आवास योजना, राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) और शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) के लिए बजट अनुमान में प्रावधान किए जाने के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 में इन योजनाओं के तहत कोई खर्च नहीं किया जा सका।

मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी की अध्यक्षता वाली समिति ने मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की वर्ष 2026-27 की अनुदान मांगों पर अपनी रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने उसकी सिफारिशों के जवाब में योजना-वार खर्च का ब्योरा उपलब्ध कराया। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, योजनाओं पर कुल खर्च 53,096.53 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान के मुकाबले 52,978.83 करोड़ रुपये रहा। यानी कुल राशि का 99.78 प्रतिशत उपयोग हुआ है।

मेट्रो और परिवहन परियोजनाओं पर संशोधित अनुमान के बराबर 29,451 करोड़ रुपये खर्च किए गए। यानी बजट का उपयोग शत प्रतिशत रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) और पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत मंत्रालय ने 8,963.37 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान के मुकाबले 8,948.82 करोड़ रुपये खर्च किए, जो 99.84 प्रतिशत उपयोग है। अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) योजना के तहत 7,814.86 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान के मुकाबले 7,789.52 करोड़ रुपये खर्च किए गए। यानी 99.68 प्रतिशत उपयोग हुआ।

इसी प्रकार, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत 2,000 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान के मुकाबले 1,945.47 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जो 97.27 प्रतिशत उपयोग है।

मंत्रालय ने पीएम स्वनिधि योजना के लिए संशोधित आवंटन की पूरी राशि 571.98 करोड़ रुपये खर्च की। पीएम-ई बस सेवा योजना के तहत 173.70 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान के मुकाबले 171.20 करोड़ रुपये खर्च किए गए। यानी 98.39 प्रतिशत का उपयोग किया गया है। हालांकि, औद्योगिक आवास योजना, राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन और शहरी चुनौती कोष के तहत कोई खर्च नहीं किया गया। इन तीनों योजनाओं के लिए संशोधित अनुमान में भी कोई राशि निर्धारित नहीं थी।

मंत्रालय ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) योजना के तहत 4,022.55 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान के मुकाबले 4,002.14 करोड़ रुपये खर्च किए।

समिति ने हालांकि कहा कि ऐसे समय जब देश में शहरीकरण की रफ्तार बढ़ रही है और शहरी बुनियादी ढांचे एवं सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है, संशोधित अनुमानों में बड़ी कटौती चिंता का विषय बनी हुई है।

# पंचशील बुद्ध विहार, मे धम्मदेसना श्रवण करने उमड़ रही उपासको की भीड़..

जगप्रेरणा बालाघाट।

*पंचशील बुद्ध विहार, बुढ़ी बालाघाट में पूज्य बौद्ध भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी जी के सानिध्य में दिनांक 29 जुलाई 2026 से वर्षावास अधिष्ठान प्रारंभ हो चुका है। यह वर्षावास आश्विन पूर्णिमा,*



दिनांक 25 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। वर्षावास के इस पावन अवसर पर पूज्य भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी जी वर्षावासरत हैं, यह उनका 19 वा वर्षावास है, जिनके सानिध्य में विहार में प्रतिदिन प्रातः एवं सायं कालीन धम्म कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।पूज्य बुद्ध कन्या अय्या जी के मुखारविंद से प्रतिदिन सायं कालीन सत्र में होने वाली धम्मदेसना सुनने के लिए बौद्ध उपासक-उपासिकाओं की बड़ी संख्या मे भीड़ पंचशील बुद्ध विहार में उमड़ रही है। पूज्य बुद्ध कन्या जी अत्यंत सरल, सारगर्भित एवं सुमधुर वाणी में भगवान बुद्ध के वचनों का प्रतिपादन करती हैं, जिसे सुनने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु विहार में पहुंच रहे हैं।

उनकी धम्मदेसना श्रोताओं के हृदय को स्पर्श करने वाली तथा जीवन में धम्म के व्यावहारिक अनुप्रयोग को सहज रूप से समझाने वाली होती है। मस्त उपासक-उपासिकाओं से सादर अनुरोध है कि वे इस पावन वर्षावास अवधि में प्रातः एवं सायं कालीन कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य अर्जित करें एवं धम्म का लाभ प्राप्त करें।




# मप्र मंत्रिमंडल ने 47,990 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी..

भोपाल, (भाषा)।

मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य के समग्र विकास को गति देने, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, बुनियादी ढांचे के विस्तार और महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को 47,990 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 28,083.47 करोड़ रुपये और आयुष्मान भारत योजना के लिए 12,123.81 करोड़ रुपये के प्रावधान को मंजूरी दी गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि भोपाल को महानगर के रूप में विकसित करने के लिए 44.83 किलोमीटर लंबी चार लेन सड़क के निर्माण के लिए 1,757.55 करोड़ रुपये के प्रावधान को मंजूरी दी गई। सड़क का निर्माण केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा तैयार मॉडल रियायत समझौते के तहत हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) के आधार पर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना से औद्योगिक निवेश और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

एचएएम के तहत कुल निर्माण लागत (जीएसटी सहित) का 40 प्रतिशत हिस्सा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा राज्य राजमार्ग निधि से वहन किया जाएगा।

शेष 60 प्रतिशत राशि का भुगतान राज्य के बजट से परिचालन अवधि के दौरान 15 वर्ष तक छह-छह महीने की वार्षिकी के रूप में किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि भूमि अधिग्रहण और अन्य कार्यों सहित निर्माण-पूर्व गतिविधियों तथा पर्यवेक्षण शुल्क के लिए 364.41 करोड़ रुपये की राशि भी राज्य के बजट से खर्च की जाएगी।

भोपाल-विदिशा (राज्य राजमार्ग-28) मार्ग अयोध्या बाईपास स्थित भानपुर टी-जंक्शन से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग-146 पर सांची-सलामतपुर जंक्शन तक जाता है। यह मार्ग भानपुर, चोपड़ाकला, सुखी सेवनिया, डोब, बालमपुर, दीवानगंज और सलामतपुर से होकर भोपाल और विदिशा जिलों को जोड़ता है।

अधिकारी ने कहा कि रायसेन जिले में स्थित सांची स्तूप महत्वपूर्ण बौद्ध तीर्थस्थलों में से एक है और यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल भी है। कर्क रेखा भी भोपाल-विदिशा मार्ग के किलोमीटर 24.550 से होकर गुजरती है। इस दृष्टि से भी यह मार्ग महत्वपूर्ण है।

अन्य फैसलों में मंत्रिमंडल ने सीहोर जिले के भाऊखेड़ी गांव में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान को स्थायी पट्टे पर 20 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया। अधिकारी ने बताया कि इस भूमि का उपयोग विशेष रूप से कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए किया जाएगा, जिससे प्रदेश में सोयाबीन की खेती के समग्र विकास में मदद मिलेगी। मंत्रिमंडल ने कठिन परिस्थितियों में सामाजिक सेवा करने वाली महिला को दिए जाने वाले राज्य स्तरीय रानी दुर्गावती पुरस्कार की वार्षिक राशि दो लाख रुपये करने को भी मंजूरी दी। अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2006 से दिए जा रहे रानी अवंतीबाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार की राशि भी एक लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दी गई है।

मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत (गैर-एसईसीसी लाभार्थी), बहुउद्देशीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य संस्थानों की सुरक्षा एवं स्वच्छता सहित विभिन्न योजनाओं के निरंतर संचालन के लिए कुल 44,515.13 करोड़ रुपये मंजूर किए।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साड़रा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# हर घर तिरंगा अभियानः शासकीय महाविद्यालय से निकली तिरंगा रैली, देश भक्ति के गूंजे तराने






जगप्रेरणा लांजी।

***शासकीय महाविद्यालय लांजी में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकली तिरंगा रैली मध्य प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल के निर्देशों के***

अनुक्रम में एवं भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत 09 से 17 अगस्त, 2026 की अवधि में चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय लांजी में तिरंगा रैली का आयोजन 11 अगस्त 2026 को किया गया।शासकीय महाविद्यालय लांजी में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कांता वर्मा, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय लांजी ने की। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में किया गया।

रैली के सफल आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक श्री रितेश सोनवाने तथा राष्ट्रीय सेवा योजना सहायक श्री वीरेंद्र बिसेन की प्रमुख भूमिका रही।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुरेन्द्र कुमार चिखले, सहायक प्राध्यापक महेश ढोक, सहायक प्राध्यापक महेंद्र कुमार तलवरे, सहायक प्राध्यापक शेखर दल्लेमाल सहायक प्राध्यापक नीतेश मेश्राम, सहायक प्राध्यापक डॉ. सपना शेण्डे, स्पोर्ट ऑफिसर डॉ. ललित कुमार कामडे, ग्रंथपाल डॉ. जसपाल सिंग सिद्धू, अंजली सोनी, वैभव मुरकुटे, शुभम रामटेके, लखन बाहे, राहुल प्रार्थी एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रैली की शुरुआत में वंदे मातरम का गायन किया गया..

तिरंगा रैली में विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफके हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता के नारों के साथ नागरिकों को राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। रैली के माध्यम से आमजन को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को बनाए रखने तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# श्रावण मास में शिवमय हुआ दादा कोटेश्वर धाम, पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक ने बांधा भक्तों को..





जगप्रेरणा लांजी।

***श्रावण मास के पावन अवसर पर लांजी के प्रसिद्ध दादा कोटेश्वर धाम में इन दिनों भक्ति और आध्यात्मिकता की अद्भुत छटा देखने को मिल रही है।***

30 जुलाई से धाम में जारी धार्मिक आयोजन के दौरान राम नाम जप, शिव नाम संकीर्तन, संगीतमय भजन-कीर्तन और पार्थिव शिवलिंग निर्माण ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया है। मंदिर परिसर में गूंजते 'ॐ नमः शिवाय' के सामूहिक जाप और घंटियों की मधुर ध्वनि से श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं।

सुबह से ही दादा कोटेश्वर धाम में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। भक्त श्रद्धाभाव से मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उन्हें भगवान शिव के स्वरूप के रूप में स्थापित करते हैं। इसके बाद विधि-विधान से पूजन, जलाभिषेक और मंत्र जाप किया जाता है। सामूहिक रूप से शिव आराधना किए जाने से धाम का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय दिखाई देता है।

## पार्थिव शिवलिंग निर्माण में आस्था और साधना का संगम..

सनातन परंपरा में पार्थिव शिवलिंग पूजन का विशेष महत्व माना गया है। पृथ्वी अर्थात मिट्टी से शिवलिंग का निर्माण कर श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना करते हैं। निर्माण, पूजन और विसर्जन की यह परंपरा प्रकृति, सृष्टि और जीवन के शाश्वत चक्र का प्रतीक मानी जाती है।

श्रद्धालु पार्थिव शिवलिंग निर्माण के दौरान पूरे मनोयोग से भगवान शिव का ध्यान करते हुए मंत्र जाप करते हैं। इससे धार्मिक आयोजन केवल पूजा-अनुष्ठान तक सीमित न रहकर साधना और आत्मिक शांति का माध्यम बनता नजर आ रहा है। कोटेश्वर धाम में आयोजित संगीतमय शिव नाम जप और भजन-कीर्तन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पंचाक्षरी मंत्र 'ॐ नमः शिवाय' के सामूहिक उच्चारण से पूरा धाम शिवमय नजर आता है। भजनों की स्वर लहरियां, मंत्रोच्चार और मंदिर की घंटियों की ध्वनि मिलकर ऐसा आध्यात्मिक वातावरण निर्मित कर रही हैं, जिसमें श्रद्धालु स्वयं को भगवान शिव की भक्ति में डूबा हुआ महसूस कर रहे हैं।

## संगीतमय अभिषेक, आरती में उमड़ रही श्रद्धा..

आयोजन के अंतर्गत संध्या बेला में विद्वान ब्राह्मणों एवं आचार्यों द्वारा विधि-विधान से संगीतमय रुद्राभिषेक, अभिषेक एवं पूजन कराया जाता है। पूजन-अर्चन के पश्चात भगवान भोलेनाथ की आरती होती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर सामूहिक रूप से शिव आराधना करते हैं। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है।

श्रावण मास भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। इसी आस्था के साथ कोटेश्वर धाम पहुंच रहे श्रद्धालु जलाभिषेक, पूजन और शिव नाम जाप के माध्यम से परिवार की सुख-शांति, क्षेत्र की समृद्धि, उत्तम वर्षा, अच्छी फसल और सर्वजन के कल्याण की कामना कर रहे हैं।

# कृषि विभाग, सहकारी समितियो की हुई समीक्षा बैठक, खरीफ 26-27 की तैयारी लिए एसडीएम ने दिए निर्देश..





जगप्रेरणा लांजी।

***खरीफसीजन में किसानों को उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को लेकर मंगलवार, 11 अगस्त 2026 को अनुविभागीय कृषि अधिकारी कार्यालय***

में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री कमल सिंह सिंहसार ने की।

बैठक में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रबंधक, सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ लांजी के खाद प्रभारी तथा कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र में उर्वरक की उपलब्धता, भंडारण एवं किसानों को वितरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

## समितियों की भंडारण क्षमता की ली जानकारी.

बैठक के दौरान सभी सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकों से समिति की कुल भंडारण क्षमता एवं वर्तमान में उपलब्ध भंडारण क्षमता की जानकारी ली गई। इसके साथ ही प्रत्येक समिति में उर्वरक की उपलब्धता और वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कमलचंद सिंहसार द्वारा समितिवार उन किसानों की जानकारी भी ली गई, जिन्हें अभी उर्वरक वितरण किया जाना शेष है। अधिकारियों से खरीफवर्ष 2025-26 में किए गए उर्वरक वितरण की भी समीक्षा की गई तथा वर्तमान आवश्यकता के अनुसार आगे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## भूमि की उपलब्धता के आधार पर हो खाद का वितरण..

बैठक में एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को उनकी भूमि की उपलब्धता एवं संबंधित रिकॉर्ड के आधार पर नियमानुसार उर्वरक का वितरण किया जाए। खाद वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने तथा पात्र किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

## समितिवार उर्वरक मांग की जानकारी जुटाई..

सभी सेवा सहकारी समितियों से अलग अलग उर्वरकवार मांग की जानकारी भी ली गई, ताकि क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक की व्यवस्था की जा सके। बैठक में अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को किसानों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन की इस समीक्षा का उद्देश्य खरीफ सीजन में किसानों को आवश्यक उर्वरक समय पर उपलब्ध कराना तथा वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता एवं समानता सुनिश्चित करना रहा।

# श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी का बी. ए., बी. एस. सी. तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत..












जगप्रेरणा लांजी।

***राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा द्वारा 28 जुलाई 2026 को बीए (कंप्यूटर एप्लीकेशन), बीएससी (बायोलॉजी), बीएससी (कंप्यूटर एप्लीकेशन) एवं बीकॉम***

(कंप्यूटर एप्लीकेशन) तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। घोषित परिणाम में श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, लांजी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

## बीए कंप्यूटर एप्लीकेशन में पूनम प्रथम..

बीए (कंप्यूटर एप्लीकेशन) तृतीय वर्ष में छात्रा पूनम कुचलाहे ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। होमेन्द्र बनोठे ने 79 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा नेहा लिल्हारे ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बीएससी में अलीना खान ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन..

बीएससी (बायोलॉजी एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन) तृतीय वर्ष में अलीना खान ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुषी पाण्डेय 86 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा सीमरण कबीरे 82 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

## बीकॉम कंप्यूटर एप्लीकेशन में अभिषेक रहे प्रथम..

बीकॉम (कंप्यूटर एप्लीकेशन) तृतीय वर्ष में अभिषेक कचवाहे ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। यितेश कुमार मातरे ने 83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा आर्यन करहि एवं मोनिका देवाहे ने 80-80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी..

महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अक्षय बुड़ावने, अंजली यादव, देवांशु कोठारे, ललित कावरे, नमरा खान, निर्भय टांडेकर, प्रणव नेवारे, प्रीति राणे, राहुल आचरे, रितु नागफासे, रोशनी पांचे, रोशनी मंडलवार, तरुण कावरे, वर्षा ठाकरे, टिशा घोरमारे, कुमकुम बिसेन, जिया खान, वैशाली वंजारी, त्रिवेणी गजभिये, शीतल लिल्हारे, मोना कुचलाहे, जोया शेख, मोनिका बरगैया, कीर्तिका बड़घैया, सानिया खान, हिमानी सहारे, प्रियंका बल्होरे, रेखा हनोते, डाली लिल्हारे, अंजली बड़गे, क्रिशनी बल्होरे, विशाल बोरकर, ज्योति कुचलाहे, पायल नेवारे, फिया मस्करे, आकाश मड़ावी, हेमंत मातरे, सपना देवगड़े, अम्बिका चोरवाड़े, भरतलाल बोहने, नरेंद्र सैयाम, डेविड नाईक, नवीन उके, संदीप जामरे, दीपक पांचे, अभय बम्बुरे, गजेन्द्र कोरोटे, भारती, जितेन्द्र पांचाले, ओम कालबेले, मुस्कान, लक्ष्मण एवं राहुल शामिल हैं।

विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर महाविद्यालय के संस्थापक लक्ष्मीचंद करहि, संचालन समिति के सभी सदस्यगण, प्राचार्य तथा समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। महाविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके निरंतर प्रगति के लिए शुभाशीष दिए।

# बाल भाऊ देवरस विद्यालय को समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने 1 लाख 75 हजार रुपए की सामग्री भेंट

## छात्रावास के विकास के लिए डॉ अविनाश अग्निहोत्री ने दी 21 हजार की राशि..





जगप्रेरणा लांजी।

***विद्या भारती के अंतर्गत संचालित बालभाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर आवासीय विद्यालय कारंजा में 11 अगस्त को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं***

शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के संरक्षक एवं समाजसेवी राजेश अग्रवाल द्वारा विद्यालय के नन्हे भैया-बहनों के लिए 1 लाख 75 हजार रुपये की खेल सामग्री भेंट की गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत सभी 751 भैया-बहनों का मुंह मीठा कराया गया तथा विधिवत रूप से नवीन खेल सामग्री का उद्घाटन किया गया। खेल सामग्री प्राप्त होने पर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। नन्हे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक खेल गतिविधियों में सहभागिता करते हुए खूब आनंद लिया। इसी अवसर पर माधव नेत्रालय नागपुर के उपाध्यक्ष निखिल प्रभाकर राव मुंडले द्वारा विद्यालय के छात्रावास के विकास एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 21 हजार रुपये की नगद सहयोग राशि भेंट की गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं विद्यालय के निरंतर विकास की कामना की।

कार्यक्रम में माधव नेत्रालय के सचिव डॉ. अविनाश अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए जीवन में अनुशासन, परिश्रम, संस्कार एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भैया-बहनों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर सेवा न्यास के उपाध्यक्ष अरविंद मार्डिकर, विलास जुगादे, विद्यालय के सचिव सचिन अग्रवाल, उमेश मेण्डे, लांजी के समाजसेवी अंकित अग्रवाल सहित विद्यालय का समस्त आचार्य परिवार एवं बड़ी संख्या में भैया-बहन उपस्थित रहे।

खेल सामग्री के उद्घाटन के बाद विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। लंबे समय तक खेल मैदान में बच्चों की उमंग और उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य चुन्नीलाल बोपचे ने विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों के हित में सहयोग प्रदान करने वाले सभी दानदाताओं एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# किरनापुर की सभी 12 समितियों में उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक मौजूद..

## किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***क्षेत्र में किसानों को सुलभ और सुचारू रूप से खाद आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय,***

किरनापुर में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। एसडीएम श्री आदित्य नारायण तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में उर्वरक (खाद) की उपलब्धता और चालू सीजन की मांग का आकलन करना था। बैठक में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री संजय कुमार उके सहित किरनापुर क्षेत्र की सभी 12 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधक एवं खाद प्रभारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान एसडीएम ने सभी समितियों से पिछले वर्ष की खाद खपत, इस वर्ष की संभावित मांग और वर्तमान स्टॉक की विस्तृत जानकारी ली। इस पर समिति प्रबंधकों ने अवगत कराया कि हर साल की तरह इस बार भी गत वर्ष की कुल खपत में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाते हुए मांग भेजी गई है। बैठक में समिति प्रबंधकों ने अधिकारियों को आश्वस्त किया कि वर्तमान में क्षेत्र की सभी 12 समितियों में यूरिया, डीएपी सहित अन्य आवश्यक उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी भी प्रकार की किल्लत नहीं है। बैठक के अंत में अधिकारियों ने निर्देश दिए कि किसानों को कृषि कार्य के दौरान खाद के लिए परेशान न होना पड़े। इसके लिए समय पर पारदर्शी तरीके से वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वितरण प्रणाली पर लगातार निगरानी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हेमंत नायक

मो. 88273 19933

10 बुधवार 12 अगस्त 2026

जग प्रेरणा live मंडला नैनपुर

● बिछिया ● बीजाडांडी ● घुघरी ● मवई ● मोहगांव ● नारायणगंज ● निवास

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433

# ऋण प्रकरण अनावश्यक रूप से अस्वीकृत न हों, बैंक सकारात्मक दृष्टिकोण से करें कार्य : कलेक्टर

**डीएलसीसी बैठक में स्वरोजगार एवं ऋण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने के निर्देश..**



जगप्रेरणा मंडला।

*जिला स्तरीय बैंकर्स समिति (डीएलसीसी) की बैठक मंगलवार को कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में आयोजित हुई।*

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार एवं ऋण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि पात्र हितग्राहियों के गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्ण दस्तावेज वाले प्रकरण तैयार कर बैंकों को भेजे जाएं, ताकि ऋण स्वीकृति में अनावश्यक देरी न हो। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि हितग्राहियों के प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों के प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहने चाहिए।

### पात्र प्रकरणों को बिना उचित कारण निरस्त न करें..

कलेक्टर श्री धोटे ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्तापूर्ण एवं पात्र ऋण प्रकरणों को बिना उचित कारण अस्वीकृत न किया जाए। वास्तविक जरूरतमंद हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करें। उन्होंने ऋण स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 92 प्रकरणों के लक्ष्य के विरुद्ध 32 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं, जबकि 30 प्रकरणों में ऋण वितरण हो चुका है। बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में 35 प्रकरणों के लक्ष्य के विरुद्ध 5 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं।

### स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण बढ़ाने के निर्देश..

टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं संत रविदास स्वरोजगार योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के प्रकरण तैयार कर बैंकों को भेजने के निर्देश दिए। उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 35 के लक्ष्य के विरुद्ध 12 प्रकरण स्वीकृत किए जाने की जानकारी भी बैठक में दी गई। पशुपालन विभाग की योजनाओं और किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि केसीसी के लिए 5400 का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध 395 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 14 आवेदन स्वीकार किए जाने की जानकारी दी गई। बैठक में पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों और बैंकर्स को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने तथा पात्र हितग्राहियों को ऋण एवं स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, सहायक कलेक्टर श्री शैलेन्द्र चौधरी, आरबीआई प्रतिनिधि श्री अंकुश सिन्हा, एलडीएम सहित विभिन्न बैंकों एवं विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 12 वर्षीय मूक-बधिर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, 45 वर्षीय पड़ोसी गिरफ्तार..






जगप्रेरणा मंडला।

*जिले के अंजनिया चौकी क्षेत्र में 12 वर्षीय मूक-बधिर नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है।*

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 45 वर्षीय पड़ोसी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार घटना 7 अगस्त की शाम की बताई गई है। घटना के समय नाबालिग अपने घर में अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी घर में घुसा और नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग की मां के घर पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद पीड़िता की मां ने अंजनिया चौकी पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 7 अगस्त की रात पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने तलाश के बाद 11 अगस्त को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### एसपी ने दी घटना की जानकारी..

पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने बताया कि घटना अंजनिया चौकी क्षेत्र में कुछ दिन पहले हुई थी। उन्होंने पुष्टि की कि नाबालिग के घर में अकेले होने के दौरान आरोपी द्वारा घर में घुसकर गलत कृत्य किए जाने की शिकायत सामने आई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। बताया गया है कि आरोपी और पीड़ित परिवार एक ही गांव में रहते हैं तथा आरोपी का घर नाबालिग के घर के सामने ही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर जुनवानी में गूंजा एकता और संस्कृति का संदेश

**पंचायत भवन में ध्वजारोहण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम, महापुरुषों को किया नमन..**



जगप्रेरणा घुघरी/मंडला।

*विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को घुघरी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत जुनवानी में गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत भवन परिसर में*

आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने आदिवासी समाज के महापुरुषों एवं शहीदों को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज सदियों से जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीता आया है। प्रकृति संरक्षण की यह परंपरा आज पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी है।

### शिक्षा और रोजगार से होगा विकास..

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार को बढ़ावा देना जरूरी है। शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान आदिवासी समाज में एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

### ये रहे उपस्थित..

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जुनवानी के सचिव भरत लाल झारिया, रोजगार सहायक कृष्ण कुमार उइके, बृज कुमार पूसाम, अजय मसराम, कमलेश वाटिया, मुकेश मलगाम, सुपर पूसाम, संतोष मरावी, फूल सिंह नहरिया एवं प्रदीप धुर्वे सहित ग्राम पंचायत जुनवानी के महिला, पुरुष एवं युवा ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 151 लीटर नर्मदा जल से हुआ भोलेनाथ का अभिषेक, कांवड़ यात्रा में झूमे शिवभक्त..

**बलराम चौक से किला घाट तक निकली भव्य यात्रा, भजन-कीर्तन के साथ दिखा आस्था और उत्साह का संगम..**





जगप्रेरणा मंडला।

सावन के पावन महीने में शहर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। मुन्नी बाई धर्मशाला के सामने स्थित शिव मंदिर से शिव कांवड़ आयोजक समिति के तत्वावधान में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ में 151 लीटर नर्मदा जल भरकर शिवभक्त नगर भ्रमण करते हुए किला घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर पहुंचे, जहां भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया गया।

कांवड़ यात्रा की शुरुआत शिव मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ हुई। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष पफुल मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता शशि पटेल, रंजीत कछवाहा, अखिलेश सोनी, नीरज अग्रवाल, मुकेश सोनी, सुधीर कांसकार और सुनील मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कांवड़ियों का तिलक-वंदन एवं माला पहनाकर यात्रा के लिए रवाना किया।

### ढोल-डीजे की धुन पर झूमते रहे शिवभक्त..

यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। शिवभक्त भक्ति गीतों और ढोल की धुन पर नाचते-झूमते हुए आगे बढ़े। यात्रा मुन्नी बाई धर्मशाला से बलराम चौक, पड़ाव, चिलमन चौक, बस स्टैंड, ज्ञानदीप स्कूल, नगर पालिका, बड़ा चौराहा, अंबेडकर चौक, उदय चौक, सराफा और बुधवारी होते हुए किला घाट पहुंची। यहां भगवान भोलेनाथ को नर्मदा जल अर्पित कर पूजन-अर्चन के साथ यात्रा का समापन किया गया।

### पांच वर्षों से निकाली जा रही कांवड़ यात्रा..

आयोजकों के अनुसार यह कांवड़ यात्रा लगातार पांच वर्षों से आयोजित की जा रही है। यात्रा का उद्देश्य भगवान शिव के प्रति आस्था और श्रद्धा प्रकट करने के साथ समाज में धार्मिक एवं सामाजिक एकता का संदेश देना है। यात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में रात्रिकालीन भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमियों ने सहभागिता की।

सामाजिक कार्यकर्ता किशोर रजक ने बताया कि सावन में कांवड़ यात्रा भगवान शिव के भक्तों की महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा है। श्रद्धालु पवित्र नदी से जल लेकर शिव मंदिर पहुंचते हैं और भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। कांवड़ यात्रा को भक्ति, समर्पण, अनुशासन और सेवा का प्रतीक माना जाता है।

### भक्ति के साथ सामाजिक एकता का संदेश..

शिव कांवड़ आयोजक समिति के गुड्डू ठाकुर ने कहा कि कांवड़ यात्रा युवाओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का माध्यम बन रही है। यात्रा में अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों की सहभागिता समाज में आपसी सहयोग और एकजुटता का संदेश देती है। कांवड़िए यात्रा के दौरान अनुशासन और श्रद्धा के साथ भगवान शिव का स्मरण करते हुए आगे बढ़ते हैं।

इस अवसर पर गुड्डू ठाकुर, माया रजक, पूर्णिमा रजक, रानू रजक, नेता नंदा, मुन्ना कोष्टा, राजू नंदा, पप्पू साहू, विश्वकर्मा जी, केसर नंदा, सविता तिवारी, अमित रजक, तुषार चौरसिया, नरेंद्र लहोरिया सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।

# विदेशी-देशी शराब के साथ 5 लीटर कच्ची शराब जब्त, आबकारी विभाग की कार्रवाई



जगप्रेरणा मंडला।

*अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए विदेशी एवं देशी मदिरा सहित 5 लीटर कच्ची शराब जब्त की है।*

कार्रवाई कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती शैली शैयाम के मार्गदर्शन में की गई। आबकारी बल मंडला एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मंडला वृत्त क्षेत्र में दबिश दी। झूला पुल के नीचे कार्रवाई के दौरान मनीष हीडाउ के कब्जे से 12 नग विदेशी मदिरा और 10 नग देशी मदिरा बरामद कर जब्त की गई। वहीं खिरका मोहल्ला क्षेत्र में वेदप्रकाश पावले एवं गणेश यादव के कब्जे से हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची शराब बरामद हुई। मौके से कुल 5 लीटर कच्ची मदिरा जब्त की गई। अवैध रूप से शराब का कब्जा एवं विक्रय पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जब्त मदिरा की कुल अनुमानित कीमत करीब 3,750 रुपए बताई गई है। कार्रवाई के दौरान आबकारी बल मंडला, नायब तहसीलदार राकेश कटारिया सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# वित्तीय साक्षरता शिविरों में अटल पेंशन योजना से जोड़ने पर जोर..

**9 विकासखंडों में पहुंचाई जा रही बैंकिंग व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी**






जगप्रेरणा मंडला।

*भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशन एवं सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया द्वारा प्रायोजित समर्पित संस्था सीएफएल मंडला के माध्यम से जिले के सभी 9 विकासखंडों में वित्तीय साक्षरता शिविर*

आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं, बचत, डिजिटल बैंकिंग और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। शिविरों में अटल पेंशन योजना से पात्र नागरिकों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। 18 से 40 वर्ष की आयु के पात्र नागरिक योजना में शामिल होकर नियमित अंशदान के माध्यम से 60 वर्ष की आयु के बाद निर्धारित मासिक पेंशन का लाभ ले सकते हैं। योजना में 1 हजार से 5 हजार रुपए तक मासिक पेंशन का विकल्प उपलब्ध है।

अधिकारियों द्वारा नागरिकों को योजना के साथ-साथ बैंक खाते के सुरक्षित संचालन, डिजिटल बैंकिंग के सावधानीपूर्वक उपयोग और वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही विभिन्न सरकारी वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। अभियान के तहत विशेष रूप से ऐसे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों पर ध्यान दिया जा रहा है, जहां बैंकिंग एवं वित्तीय योजनाओं की जानकारी सीमित है। शिविरों के माध्यम से नागरिकों को भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के लिए नियमित बचत और सुरक्षित वित्तीय व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# विशेष पिछड़ी जनजातियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल..

**मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना से बैगा, सहरिया और भारिया पशुपालकों की बढ़ेगी आय..**




जगप्रेरणा मंडला।

*विशेष पिछड़ी जनजातियों के पशुपालक परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना संचालित की जा रही है।*

योजना के तहत बैगा, सहरिया एवं भारिया समुदाय के पात्र पशुपालक परिवारों को दुग्ध उत्पादन से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को दो दुधारू गाय अथवा दो मुर्रा भैंस उपलब्ध कराने का प्रावधान है। पशुओं की खरीद एवं प्रदाय के लिए हितग्राहियों को अधिकतम 90 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। इससे विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को पशुपालन व्यवसाय शुरू करने अथवा मौजूदा व्यवसाय को बढ़ाने में आर्थिक सहायता मिलेगी।

### दूध उत्पादन बनेगा नियमित आय का जरिया..

योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को स्थायी एवं नियमित आय का साधन उपलब्ध कराना है। दुधारू पशुओं के पालन से हितग्राही परिवार दूध का उत्पादन कर स्थानीय स्तर पर उसका विक्रय कर सकेंगे। इससे परिवार की आमदनी बढ़ने के साथ पशुपालन और डेयरी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना के माध्यम से जनजातीय परिवारों को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में पहल की जा रही है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# देवरी में आदिवासी दिवस पर सभी जनजातियाँ हुई एकजुट, सांस्कृतिक रैली ने खींचा ध्यान..

## समान नागरिक संहिता से बाहर रखने की मांग..







जगप्रेरणा देवरी।

***देवरी शहर में पहली बार सभी आदिवासी जनजातियों की ओर से 'विश्व आदिवासी दिवस' अत्यंत धूमधाम और अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाया गया।***

दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद आदिवासी भाइयों का उत्साह चरम पर था। 'आदिवासी मूलवासी अधिकार परिषद' के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन 'आफताब लॉन' में किया गया था। इस समारोह में आदिवासी समाज में एक अलग ही ऊर्जा और भारी प्रतिक्रिया देखने को मिली। इस परिषद में देवरी तहसील के गोंड, हलबी, कंवर, धुरगोंड, गोंडगोवारी, कोपा और प्रधान गोंड जैसी सभी आदिवासी बिरादरियों के नागरिक, महिलाएँ और पुरुष हज़ारों की संख्या में उपस्थित थे।

### उप-वर्गीकरण का विरोध और मांगों की हुंकार..

परिषद के दौरान विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही, विविध जनजातियों के प्रतिनिधियों ने यह विचार व्यक्त किया कि अपनी समृद्ध परंपरा और आधुनिक शिक्षा, संस्कृति और विकास के साथ-साथ अपने अधिकारों, जिम्मेदारियों, ग्रामसभा और लोकतंत्र का सही समन्वय बनाते हुए आदिवासी समाज को अधिक सक्षम, स्वावलंबी और संगठित करने की सख्त ज़रूरत है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा आदिवासियों के आरक्षण में किए जाने वाले किसी भी प्रकार के उप-वर्गीकरण **(Sub-classification)**

का सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कड़ा विरोध जताया। इसके साथ ही, समान नागरिक संहिता **(UCC)** से आदिवासी समाज को पूरी तरह से बाहर रखा जाए, यह आक्रामक मांग भी इस अवसर पर की गई। गणमान्य व्यक्तियों ने आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सभी जनजातियों को एकजुट होने का आह्वान किया।

इस अधिकार परिषद की अध्यक्षता लोकनाथ तितराम ने की। वहीं मंच पर पूर्व विधायक सहषराम कोरोटे, टीडीसी निदेशक रमेश ताराम, एम्प्लॉईज नेता चेतन उईके, सावंत राउत, तेजराम मडावी, दिलीप जुला, टीकाराम मातवारे, युवराज कोल्हाड़े, तीरत फुलकुंवर, प्रीति टेकाम और डॉ. सुजाता ताराम आदि गणमान्य व्यक्ति मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।

परिषद के समापन के बाद शहर में एक विशाल आदिवासी सांस्कृतिक महा-रैली निकाली गई। बारिश की बौछारों के बीच पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-ताशों की गूँज और सांस्कृतिक नृत्यों के साथ हज़ारों नागरिकों की भागीदारी (जो पीले वस्त्र पहने और हाथों में पीला झंडा लिए हुए थे) वाली यह रैली पूरे देवरी शहर का मुख्य आकर्षण बनी। 'जय बिरसा, जय जोहार, जय आदिवासी' के जयघोष पर युवा झूम रहे थे। रैली में शामिल नागरिकों के लिए शहर में विभिन्न संगठनों द्वारा जगह-जगह पानी, शरबत और फ्रूट स्टॉल की व्यवस्था की गई थी।

रैली में आदिवासी भाइयों का अपार उत्साह देखकर विधायक संजय पुराम, सविता पुराम और संजू उईके ने भी रैली में हिस्सा लिया। महारानी दुर्गावती चौक पहुँचने के बाद जनप्रतिनिधियों ने आदिवासी भाइयों के साथ ढोल की थाप पर सामूहिक नृत्य करते हुए उत्साह को और बढ़ा दिया।

इस पूरे कार्यक्रम का सफल मंच संचालन (सूत्रसंचालन) मधुर दिहारी ने किया, जबकि प्रस्तावना एवं उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन लोकेश ताराम ने किया।

# जपतलाई आश्रमशाला दर्दनाक हादसा: 3 छात्राओं की सर्पदंश से मौत के मामले में विधायक संजय पुराम आक्रामक..

## दोषियों पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग..



जगप्रेरणा देवरी।

***गडचिरोली जिले की धानोरा तहसील के जपतलाई स्थित अनुदानित आदिवासी आश्रमशाला में एक अत्यंत हृदयविदारक और आक्रोश पैदा करने वाली घटना में तीन मासूम छात्राओं की सांप के काटने से दुखद मौत हो गई।***

इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए आमगांव-देवरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय पुराम ने राज्य के आदिवासी विकास मंत्री माननीय डॉ. अशोक उइके से मुलाकात कर दोषियों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई करने का ज्ञापन सौंपा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दिल दहला देने वाली घटना 10 अगस्त 2026 की सुबह लगभग 2 से 2:30 बजे के बीच हुई। इस आवासीय आदिवासी आश्रमशाला में छात्राओं के लिए खाटों (बेड) की व्यवस्था न होने के कारण मासूम बच्चियों को नीचे फर्श पर ही सोना पड़ता था। इसी दौरान छात्रावास में घुसे एक जहरीले सांप के डसने से कु. दीपिका लकड़ा, कु. सुस्मीता मंडल और कु. अनु कोरेटी-इन तीन मासूम छात्राओं की दुखद मृत्यु हो गई। वहीं अन्य कुछ छात्राएं जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही हैं और उनका इलाज जारी है।

छात्रों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले इस संवेदनहीन प्रबंधन के खिलाफपूरे आदिवासी बहुल क्षेत्र में भारी गुस्से की लहर फैल गई है। आश्रमशाला प्रबंधन और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों पर तुरंत गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की जोरदार मांग की जा रही है।

### बोले विधायक संजय पुराम..

'आवासीय आश्रमशाला में सुविधाओं का अभाव होना और मासूम बच्चों को फर्श पर सोना पड़ना बेहद दर्दनाक और गंभीर बात है। लापरवाही बरतने वाले प्रबंधन को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी ही चाहिए।'

### मुख्य मांगें :

आश्रमशाला को स्थायी रूप से बंद किया जाए: छात्रों की सुरक्षा से समझौता करने वाली इस जपतलाई आश्रमशाला की मान्यता रद्द कर इसे स्थायी रूप से बंद करने का आदेश दिया जाए। सुरक्षा उपाय और व्यापक जांच: राज्य की सभी आदिवासी आश्रमशालाओं में छात्रों के आवास, खाटों (बेड) और सुरक्षा की तुरंत जांच कर सख्त सुरक्षा नियम लागू किए जाएं।

### कार्रवाई पर पूरे राज्य की नजर..

इस दुखद घटना ने राज्य की आश्रमशालाओं में छात्रों की सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के सवाल को एक बार फिर से गंभीर बना दिया है। आदिवासी विकास विभाग इस संवेदनशील मामले पर क्या संज्ञान लेता है और मासूम बच्चियों की मौत के जिम्मेदार दोषियों पर कब और क्या कार्रवाई करता है, इस पर पूरे राज्य की निगाहें टिकी हुई हैं।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# 16 सालो से चौबीसों घंटे सेवा देने के बावजूद प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में डेटा एंट्री ऑपरेटर परमानेंट कायम सेवासातत्य से वंचित

## हमारी सेवा को भी न्याय दो, 300 पोषनशक्ती आपेरटर की सरकार को भावनिक न्याय की मांग..

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ती निर्माण योजना कर्मचारी को सिधे तौर पर कायम करने का भावनिक मांग, हम भी सरकार के सेवक फिर हमारे पर अन्याय क्यों?





जगप्रेरणा प्रा.गणेश भदाडे/प्रा.राकेश रोकडे
आमगांव/सालेकसा

महाराष्ट्र की स्कुलो के लाखो छात्र छात्राओं के पोषन आहार से संबंधित प्रधानमंत्री पोषनशक्ती निर्माण योजना मे 2010 में, राज्य सरकार ने स्कीम के बड़े काम को कंप्यूटराइज़ करने के लिए मौजूदा अखबार में एक विज्ञापन दिया और मेरिट, लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के ज़रिए 433 पदो पर भरती की आज, 310 पद कार्यरत हैं और नौकरी की असुरक्षा के कारण 123 पद रिक्त हैं।

इससे योजना के काम पर असर पड़ रहा है: सरकार की महत्वपूर्ण 'प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण' (पहले स्कूल पोषण आहार योजना) के तहत, बहुत कम वेतन और खराब हालात में पिछले 16 सालों से सेवा दे रहे डेटा एंट्री ऑपरेटर अभी तक सेवा में स्थाई नहीं हुए हैं। राज्य सरकार ने समग्र शिक्षा के तहत 3500 से ज़्यादा पदो को स्थाई कर दी हैं, लेकिन प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत काम करने वाले डेटा एंट्री ऑपरेटर स्थाई सेवा से वंचित हैं। ये कर्मचारी, जो इस योजना के काम की रीढ़ हैं, डेढ़ दशक से ज़्यादा समय से नाइंसाफ़ी झेल रहे हैं, और सरकार से ज़ोरदार मांग है कि उन्हें तुरंत सरकारी नौकरी में समावेश करके स्थाई किया जाए।

डेटा एंट्री ऑपरेटर स्कूल शालेय पोषण आहार योजना का नियोजन छात्राओं की उपस्थिति, रोज़ाना और महीने की रिपोर्ट **(MDM पोर्टल)**, अनाज का रिकॉर्ड, देयक और आर्थिक हिशाब जैसे सभी ज़रूरी और तांत्रिक काम पूरी लगन से कर रहे हैं। ये कर्मचारी योजना को ठीक से चलाने और ज़मीनी स्तर पर छात्राओं को पौष्टिक खाना देने में अहम भूमिका निभाते हैं।लगातार 16 साल सेवा देने के बावजूद, इन कर्मचारियों को बहुत कम वेतन पर काम करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई के ज़माने में, इस वेतन पर परिवार चलाना बहुत मुश्किल हो गया है, और भविष्य के लिए उनके पास कोई सामाजिक या आर्थिक सुरक्षा (जैसे भविष्य निर्वाह निधी बिमा, या ग्रेच्युटी) नहीं है। उनकी बढ़ती उम्र के कारण, कहीं और नौकरी मिलने की कोई उम्मीद नहीं है।

### मुख्य मांग..

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के तहत सभी डेटा एंट्री ऑपरेटर को सरकारी सेवा में सेवासातत्य (समायोजित) किया जाए और सभी कर्मचारियों को भविष्य निर्वाह निधी **(PF)**, स्वास्थ्य बिमा और दूसरी समाजिक सुरक्षा के फायदे दिए जाएं।

चेतावनी दी गई है कि अगर सरकार इन कर्मचारियों की लंबी सेवा और योगदान पर सहानुभूति से विचार करके कोई सकारात्मक फैसला नहीं लेती है, तो कड़ा विरोध किया जाएगा। डिजिटल मीडिया के ज़रिए एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

### बोले दीपक पसारे..

16 साल की लंबी सर्विस देने के बावजूद उन्हें सेवा सातत्य नहीं किया गया है। अगर इतने साल काम करने के बाद भी नोकरी की कोई गारंटी नहीं है, तो यह 16 साल के योगदान के साथ बहुत बड़ा अन्याय है।

### बोले निषरत शेख..

'डेटा एंट्री आपरेटर के तौर पर प्रधानमंत्री पोषनशक्ती निर्माण योजना का अहम हिस्सा के रुप पुरी लगन से काम कर रहे हैं इसके बावजूद हमारी नोकरी की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ रही है शासन ने जिस तरह समग्र शिक्षा अभियान के पदो को सेवा सातत्य प्रदान किया उसी तरह हम सभी प्रधानमंत्री पोषनशक्ती निर्माण योजना के डेटा एंट्री आपरेटर को सेवा सातत्य प्रदान कर हमे न्याय दे'।

## बंद मकान से अज्ञात चोर ने उडाये गहने व सामान मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंर्तगत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/8/2026 के रात रामनगर गोंदिया मे फर्यादी विलास कवडु बोरकर उम्र 50 वर्ष निवासी सुर्याटोला घटना के दिन अपने मकान को ताला मारकर बाहरगाव गये थे। दुसरे दिन सुबह आये तो चॅनल गेट का ताला टुटा हुवा था। अंदर जाकर देखा तो आलमारी से नगदी 1 लाख 40 हजार रुपये, सोने का मंगलसुत्र किमत 10 हजार रुपये, एक जोडी चांदी की पायल किमत 1 हजार रुपये,1 रियल मी टॅबलेट किमत 10 हजार रुपये कुल 1, 61, 000 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से अज्ञात आरोपी के खिलाफ पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 464/ 2026 धारा 305, 331, 3, 4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनि दिपक ठाकरे पोस्टे रामनगर कर रहे है।**

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### न्यायालय द्वारा सिल किये मकान पर आरोपी ने किया अतिक्रमण मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत अतिक्रमण का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/5/2026 से 10/8/2026 के दरम्यान ग्राम फुलचुर मे आरोपी क्रमांक 1 और 2 ने ओलवाल होम फायनंस से लोन लिया था। लोन नही भरने से फायनंस कंपनी द्वारा कोर्ट से जप्ती का आदेश लेकर मकान को सिल कर दिया था। दोनो आरोपियोने ने सिल तोड़कर मकान मे प्रवेश किया कंपनी के प्रतिनिधी मे पूछा तो उसे धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 462/2026 धारा 329, 4, 351, 2, 3, 5, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा कटरे 582 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### सामान के पैसे मांगने पर आरोपी ने अंडे फोड़कर किया नुकसान मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत आर्थिक नुकसान का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/ 8/ 2026 के 2 बजे के दरम्यान कटंगी मे फर्यादी टेकेश्वर भरतलाल रहांगडाले उम्र 58 वर्ष निवासी कटंगी की बहु अपने किराना दुकान मे थी। आरोपी ने आकर किराना सामान खरीदा सामान के पैसे मांगने पर गालीगलोच करने लगा और घर जाकर लोहे की रॉड लेकर आया फर्यादी की दुकान मे अंडे के कॅरेट पर मारकर 1000 हजार रुपये का नुकसान करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगांव मे अपराध क्रमांक 539/ 2026 धारा 296, 351, 2, 324, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गौरीशंकर कोरे 1642 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

# वाघ नदी के पवित्र जल से महादेव का जलाभिषेक, आमगांव में पारंपरिक कांवड़ यात्रा से भक्तिमय हुआ माहौल..

## संस्कार ग्रुप एवं विभिन्न धार्मिक संगठनों की पहल, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल..

जगप्रेरणा आमगांव।

***संस्कार ग्रुप एवं आमगांव शहर के विभिन्न धार्मिक संगठनों की ओर से पारंपरिक कांवड़ यात्रा का आयोजन धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण में किया गया। पिछले कई वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा को***

इस वर्ष भी श्रद्धालुओं का उत्स्फूर्त प्रतिसाद मिला। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ वाघ नदी देवस्थान से किया गया। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने वाघ नदी के पवित्र जल को कांवड़ में धारण किया। इसके पश्चात कांवड़ यात्रा छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, गांधी चौक, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक होते हुए शिव मंदिर देवस्थान, महादेव पहाड़ी परिसर की ओर रवाना हुई। यात्रा के दौरान 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया।

शहर के विभिन्न मार्गों से कांवड़ यात्रा के गुजरने के दौरान नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। अनेक स्थानों पर लोगों ने कांवड़धारियों के दर्शन कर भगवान शिव के जयघोष में सहभाग लिया। पारंपरिक धार्मिक वातावरण, अनुशासन और उत्साह के साथ यात्रा महादेव पहाड़ी परिसर पहुंची।

महादेव पहाड़ी स्थित शिव मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद वाघ नदी से लाए गए पवित्र जल से भगवान शिव की पिंडी का जलाभिषेक किया गया। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न हुई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव के दर्शन लेकर सुख-समृद्धि एवं समाज के कल्याण की प्रार्थना की। इस दौरान 'हर हर महादेव' के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।





### धर्मजागरण के साथ संस्कार एवं सामाजिक एकता का संदेश..

कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान या परंपरा नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति, संस्कार और सामाजिक एकता का संदेश देने वाली धार्मिक परंपरा है। नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराना, भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था निर्माण करना तथा युवाओं में धार्मिक एवं सामाजिक संस्कारों का विकास करना इस यात्रा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहना आवश्यक है। धार्मिक परंपराओं का पालन करते समय मानवता, भाईचारा, अनुशासन, संयम, सेवा और सामाजिक सद्भाव को जीवन में उतारना ही वास्तविक धर्मबोध है। कांवड़ यात्रा के माध्यम से यही सकारात्मक संदेश समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

यात्रा में विभिन्न समाज एवं वर्गों के श्रद्धालु एक साथ सहभागी हुए। श्रद्धा और भक्ति के माध्यम से सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य इस यात्रा ने किया। धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं, यह संदेश भी इस आयोजन से मिला।

### श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन..

जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद का लाभ लिया। कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन के लिए संस्कार ग्रुप के कार्यकर्ताओं, विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं श्रद्धालुओं ने विशेष परिश्रम किया। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकली इस कांवड़ यात्रा से आमगांव शहर में पूरे दिन धार्मिक एवं मंगलमय वातावरण बना रहा। वर्षों पुरानी धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस यात्रा ने समाज को यह संदेश दिया कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्कार, सेवा, सदाचार, मानवता और सामाजिक एकता का मार्ग भी है।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
(IUI) आय.यू.आय.
अधिक उम्र में मातृत्व
ओव्हम डोनेशन द्वारा
बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
शुक्राणु बैंक सुविधा
सोनोग्राफी
हार्मोंस की जांच
हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्प्लेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### गोंदिया जिले में एसीबी की फिर एक बड़ी कार्रवाई

# 20 हजार की रिश्वत लेते वनपाल रमेश पचारे रंगे हाथों गिरफ्तार, 2 वनरक्षक भी हिरासत में..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिला मानो शासकीय विभागों का रिश्वतखोरी का गढ़ बन गया है। हर महीने दो महीने में रिश्वत लेते पकड़े जाने के मामले सामने आते ही रहते हैं, तथा एंटी करप्शन ब्यूरो गोंदिया द्वारा जिले में धड़ाधड़ कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में एक बार फिर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मंगलवार 11 अगस्त 2026 को एक सफल ट्रैप***

कार्रवाई करते हुए वन विभाग के एक अधिकारी (वनपाल) को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस मामले में रिश्वत की मांग और सांठगांठ में शामिल दो वनरक्षकों को भी मौके से हिरासत में लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता (24 वर्ष) अपने घर का निर्माण कार्य करवा रहा था। मार्च 2026 में जब वह निर्माण कार्य के लिए गांव के पास के नाले से रेत ला रहा था, तब राजुली सावनक्षेत्र (वनपरिक्षेत्र गोठणगांव, ता. अर्जुनी मोरगांव) के राउंड ऑफिसर (वनपाल) रमेश सखारामजी पचारे ने उसका ट्रैक्टर रोककर कार्रवाई न करने के बदले 25 हजार रुपये की मांग की थी। इसके बाद 9 जुलाई 2026 को भी शिकायतकर्ता जब रॉयल्टी की बालू उतारकर ट्रैक्टर खेत की ओर ले जा रहा था, तब गैर-आवेदक रमेश पचारे और वनरक्षक निलोत्पल शिकारे ने ट्रैक्टर रोककर चाबी निकाल ली और केस दर्ज करने की धमकी दी। 5 अगस्त 2026 को शिकायतकर्ता को 8 अगस्त को कार्यालय में उपस्थित रहने का नोटिस दिया गया। जब शिकायतकर्ता 8 अगस्त को परसटोला राउंड ऑफिस पहुंचा, तो पचारे और शिकारे ने मामला 'सेटल' करने के लिए 25 हजार के बजाय 20 हजार देने की शर्त रखी।

#### एसीबी का जाल और फिर रंगेहाथ गिरफ्तार..

शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने 10 अगस्त 2026 को एसीबी गोंदिया कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई। 11 अगस्त 2026 को एसीबी की टीम ने पंचों और साक्षियों की मौजूदगी में शिकायत की पड़ताल की। पड़ताल में आरोपी नंबर 1 रमेश पचारे (वनपाल), आरोपी नंबर 2 निलोत्पल हिरालाल शिकारे (वनरक्षक) और आरोपी नंबर 3 चिंटू मंगलसिंग परिहार (वनरक्षक) द्वारा 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने की बात साबित हुई। इसके तुरंत बाद बिछाए गए जाल के तहत राजुली, सावनक्षेत्र, पारसटोला कार्यालय में आरोपी वनपाल रमेश पचारे ने जैसे ही शिकायतकर्ता से 20,000 रुपये की रिश्वत स्वीकार की, एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। मौके पर मौजूद दोनों वनरक्षकों को भी तुरंत हिरासत में ले लिया गया। तीनों आरोपियों के खिलाफकिशोरी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

# दपूमरे नागपुर मंडल के मार्गदर्शन में गोंदिया रेलवे स्टेशन में चलाया गया 'नाकाबंदी टिकट जांच अभियान'

#### 249 मामलों में 1 लाख 45 हजार 575 रुपये का वसूला गया जुर्माना..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा एवं बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों की रोकथाम तथा स्टेशनों में यात्रियों को रेलवे नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक***

करने के उद्देश्य से वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के मार्गदर्शन तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक अरबिंद कुमार साव के नेतृत्व में गोंदिया स्टेशन में दिनांक 10 अगस्त 2026 को नाकाबंदी टिकट जाँच अभियान चलाया गया।

इस अभियान में वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य टीटीई, एवं एमटीएस स्टाफ शामिल थे। इस अभियान में कुल 249 मामलों से 1 लाख 45 हजार 575 रुपये बतौर जुर्माना वसूले गए। जिसमें बिना टिकट के 131 मामले से 1,04,960 रुपए, अनियमित टिकट के 50 मामले से 33,715 रुपए तथा बिना बुक किए गए लगेज के 68 मामले से 6900 रुपए शामिल है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के लिए उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा स्टेशन परिसर में प्रवेश से पूर्व प्लेटफार्म टिकट अवश्य खरीदें। एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुटओवर ब्रिज का ही उपयोग करें। रेलगाड़ी राष्ट्रीय संपत्ति है, इसे स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में रेल प्रशासन का सहयोग करें।

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नहीं मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 98605 58902 पर संपर्क करें।

# जिलाधिकारी कार्यालय गोंदिया में महिला लोकशाही दिवस का आयोजन 17 अगस्त को..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***जिला स्तर पर प्रत्येक माह के तीसरे सोमवार को महिला लोकशाही दिवस आयोजित किया जाता है। महिलाओं से संबंधित किसी भी विभाग की समस्याओं, व्यक्तिगत समस्याओं, शिकायतों एवं कठिनाइयों को सुनने के लिए 17 अगस्त 2026 को सुबह 11 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महिला लोकशाही दिवस का आयोजन किया गया है।***

इस लोकशाही दिवस में सभी महिला कर्मचारी, महिला मंडल, बचत समूह तथा महिलाओं के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं की महिलाएं सीधे सभा में उपस्थित होकर अपनी व्यक्तिगत शिकायत दर्ज करा सकती हैं। न्यायालय में विचाराधीन मामले, निर्धारित प्रारूप में न होने वाले तथा आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न नहीं किए गए आवेदन, सेवा संबंधी एवं स्थापना संबंधी मामले तथा व्यक्तिगत स्वरूप के न होने वाले शिकायत/निवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी पीड़ित महिलाओं से अपील की गई है कि वे जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी शिकायत तीन प्रतियों में प्रस्तुत करें। आवेदन का प्रारूप जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय, नवीन प्रशासकीय इमारत, तीसरी मंजिल, कमरा क्र. 36, जयस्तंभ चौक, गोंदिया में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

#### तालुका स्तर पर भी होगा महिला लोकशाही दिवस..

तालुका स्तर पर प्रत्येक माह के चौथे सोमवार को तहसीलदार की अध्यक्षता में महिला लोकशाही दिवस आयोजित किया जाता है। इसके लिए संबंधित तालुके के बाल विकास परियोजना अधिकारी (ग्रामीण) के पास आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन का प्रारूप बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय, गोंदिया से संपर्क करने की अपील की गई है।

### सांसद डॉ. प्रशांत पडोले के नाम

# संविदा कर्मचारियों ने सांसद प्रतिनिधि रुपाली यादोराव उके को मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र राज्य कास्ट्राईब कर्मचारी कल्याण महासंघ (पुणे) और एंटी करप्शन फाउंडेशन (चंद्रपुर) के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गोंदिया में संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) कर्मचारियों की विभिन्न न्यायोचित मांगों को लेकर 11 अगस्त 2026 से आमरण अनशन शुरू किया गया है। इस***

अनशन के संदर्भ में, सांसद प्रशांत पडोले के नाम उनकी सांसद प्रतिनिधि कु. रुपाली यादोराव उके को ज्ञापन सौंपकर मांगों पर तुरंत मध्यस्थता और कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। यह अनशन माननीय अरुण गाडे (केंद्रीय अध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य कास्ट्राईब कर्मचारी कल्याण महासंघ) के नेतृत्व में आयोजित किया गया है, जिसमें माननीय यशवंत माटे (महासचिव) तथा अन्य संविदा कर्मचारी गोंदिया में अनशन पर बैठे हैं।

#### कर्मचारियों की यह है प्रमुख मांगे..

कर्मचारियों ने मांग की कि 16/02/2026 और 17/02/2026 को अनशन स्थल पर दिए गए आश्वासनों एवं मांगों को तत्काल पूरा किया जाए। बायोमीट्रिक मशीन लगाकर उपस्थिति दर्ज करने के लिए 50 मीटर का दायरा निर्धारित किया जाए तथा अधिष्ठाता (डीन) कार्यालय में सीसीटीवी की निगरानी में दिन में 2 बार उपस्थिति दर्ज कराई जाए। अमित हथकैया, धीरज महावत, जय विजय भालाधरे, हरीचंद्र कटरे और आकाश अहिर के बैंक खातों के लेन-देन की अपराध अनुसंधान विभाग से स्वतंत्र जांच कराई जाए।

स्मार्ट सर्विसेज प्रा. लि. (पुणे) कंपनी और उसके प्रतिनिधियों द्वारा महिला कर्मचारियों का किया जा रहा शोषण तुरंत रोका जाए। अमित हथकैया और धीरज महावत का जमादार पद से अन्यत्र तबादला किया जाए तथा उनके द्वारा अनधिकृत रूप से रखे गए 10 जमादारों से पूरे वेतन की वसूली की जाए। कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की जाए, हर महीने वेतन पर्ची दी जाए और कर्मचारियों का रोस्टर/रोटेशन हर महीने बदला जाए। उपस्थिति रजिस्टर पर किए गए हस्ताक्षरों की हस्तलेख विशेषज्ञ से जांच कराई जाए तथा सूचना के अधिकार के तहत गलत जानकारी देने वालों पर कार्रवाई की जाए। **उपरोक्त मांगों के संदर्भ में सांसद प्रतिनिधि रुपाली उके ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए इस गंभीर विषय का तत्काल संज्ञान लेने तथा सांसद प्रशांत पडोले के माध्यम से संबंधित प्रशासन से उचित कार्रवाई हेतु फॉलो-अप करने का आश्वासन दिया।**

## संक्षिप्त समाचार..

# दपूमरे नागपुर मंडल में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति के पुनर्गठन हेतु आवेदन आमंत्रित..

#### विभिन्न संगठनों एवं रेल उपयोगकर्ता प्रतिनिधियों से सदस्यता हेतु आहवान..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***रेल मंत्रालय के निर्देशानुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति (डीआरयूसीसी) का आगामी दो वर्ष 2026-2028 के लिए पुनर्गठन किया जाना है। इस संबंध में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल रेल प्रशासन द्वारा समिति के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।***

मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति का उद्देश्य रेल यात्रियों एवं विभिन्न रेल उपयोगकर्ता वर्गों की समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को रेल प्रशासन के समक्ष रखने तथा यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए प्रभावी परामर्श एवं सहयोग प्रदान करना है। समिति में रेल मंत्रालय द्वारा नामित सदस्यों के अलावा स्थानीय चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स, ट्रेड एसोसिएशन, उद्योग संबंधी एसोसिएशन, कृषि संबंधी एसोसिएशन, पैसेंजर/रेल यात्री एसोसिएशन, उपभोक्ता संरक्षण संगठनों तथा दिव्यांगजनों से संबंधित एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र संगठनों/प्रतिनिधियों से मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति की सदस्यता हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के समक्ष दिनांक 25 अगस्त 2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों को आवश्यक प्रक्रिया के उपरांत आगे की कार्रवाई एवं अंतिम चयन हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर भेजा जाएगा। रेल प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जो व्यक्ति रेल प्रशासन के साथ किसी लाभ के कार्य/व्यवसाय से जुड़े हुए हैं अथवा केंद्र या राज्य सरकार के कर्मचारी हैं, वे मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति की सदस्यता के लिए पात्र नहीं होंगे। रेल प्रशासन ने पात्र एवं इच्छुक संगठनों तथा रेल उपयोगकर्ता प्रतिनिधियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, ताकि समिति के पुनर्गठन की प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण की जा सके।

दरियां ◆ मैटिंग्स ◆ कारपेट्स ◆ डोरमेट्स ◆ शॉल ब्लैंकेट्स ◆ स्कूल की भोजन पतियों ◆ ताड़पत्री मच्छरदानी ◆ ग्रीन नेट ◆ चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
ग्रीन नेट | कारपेट्स | ताड़पत्री | डोरमेट्स | ब्लैंकेट्स | बेड शीट्स
रमनकुमार मेठी हैंडलूम हाउस
उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200
होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 99226 07145

## ज़ाहिरनामा

आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राहुल सिंह ठाकुर व चिन्मय बग्गा इन्होंने मौजा कुड़वा स्थित दो मंजिला पक्का मकान करारनामे के द्वारा उनके मालिक वर्षा चौरे से खरीदने का सौदा किया था। जिसकी भुमापन क्रमांक 651/1/बी एरिया 0.01 हे.आर. है। उक्त दो मंजिला पक्का मकान के संदर्भ में विवाद उत्पन्न होने पर वाद दायर किया गया है, जिसमें माननीय न्यायालय में प्रलंबित है, जिसका प्रकरण क्रमांक विशेष दीवानी क्रमांक 76/2026 है। अतः आम जनता को सुचना दी जा रही है कि इस दो मंजिला पक्का मकान के संदर्भ में किसी भी प्रकार का व्यवहार ना करें, और अगर कोई करता है तो हम पर बंधनकारक नहीं रहेगा तथा विधि अनुसार कार्यवाही की जायेगी। धन्यवाद

**दिनांक 10/08/2026**

**प्रकाश ताराचंद तोलानी**
**अधिवक्ता,** 17, टाऊन स्कूल कॉम्पलेक्स, पुराना बस स्टैंड रोड,
**गोंदिया 440601**
मो. 9423177592, 9689370197

## ज़ाहिरनामा

इस ज़ाहिरनामा द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक केशोराव रुकनलाल हरिणखेडे, निवासी - दासगांव (बु.), ता.जि. गोंदिया ने अपनी पुत्री, जिनका नाम कल्याणी केशोराव हरिणखेडे है, के जन्म दिनांक 26/05/2008 (स्थानः मौजा दासगांव (बु.), ता.जि. गोंदिया) के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त जन्म की प्रविष्टि ग्राम पंचायत दासगांव (बु.) में दर्ज नहीं है। ग्राम पंचायत दासगांव (बु.), ता.जि. गोंदिया में जन्म प्रविष्टि कराने का आदेश प्राप्त करने हेतु आवेदक ने जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13(3) के अंतर्गत इस कार्यालय में आवेदन किया है। अतः आवेदक की पुत्री कल्याणी केशोराव हरिणखेडे, निवासी - दासगांव (बु.), ता.जि. गोंदिया की जन्म प्रविष्टि ग्राम पंचायत दासगांव (बु.) में दर्ज किए जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई दावा, आपत्ति या हितसंबंध हो, तो वे अपनी आपत्ति/दावा लिखित रूप में दिनांक 14/08/2026 तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा, कृपया इसकी नोंद लें।

**(समशेर पठाण)**
**तहसीलदार, गोंदिया**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com